हरिभूमि
# रायपुर भूमि

एक से चार नवंबर तक हर दिन रायपुर से पटना व छपरा की ट्रेनों में वेटिंग 150 से अधिक

दशहरा और दीपावली को लेकर प्रतिदिन तेजी से हो रही ट्रेनों की बुकिंग



### दिल्ली व भोपाल की ट्रेनों में वेटिंग अधिक

दीपावली के समय में दिल्ली की ट्रेनों में भीड़ हर साल बढ़ जाती है। पर्व से दो दिन पहले 29 अक्टूबर को रायपुर से दिल्ली जाने वाली समता के स्लीपर में 40 वेटिंग है। उधमपुर एक्सप्रेस में 42 और छत्तीसगढ़ 23 है। शेष पेज 13 पर

# छठ पूजा में पटना जाने स्पेशल ट्रेन पैक सारनाथ और साउथ बिहार में अभी से वेटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नवरात्रि के साथ लगातार त्योहारों का सिलसिला एक बार फिर शुरू होने वाला है। दशहरा, दीपावली और छठ पूजा में घर जाने के लिए लोगों ने अभी से बुकिंग करवाना शुरू कर दिया है, क्योंकि ट्रेनों में वेटिंग की संख्या हर दिन बढ़ती जा रही है। दीपावली शेष पेज 13 पर



### स्पेशल ट्रेनों में बुकिंग हुई फुल

रेलवे छठ पूजा के लिए महीने भर पहले से दो स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा कर चुका है, लेकिन नियमित ट्रेनों के फुल होने के बाद यह स्पेशल ट्रेन भी पैक हो चुकी है। 4 नवंबर को 08897 ट्रेन में 99 आरएसी है, तो वहीं साउथ बिहार में 110 स्लीपर में वेटिंग है। गोंदिया एक्सप्रेस में 59 है। 1 नवंबर से 4 नवंबर तक हर दिन ट्रेनों में वेटिंग वर्तमान में 100 से 150 तक केवल स्लीपर में है।

## खबर संक्षेप

### एसआई-एएसआई और आरक्षकों का तबादला

रायपुर। राजधानी के थानों में पदस्थ उपनिरीक्षक, सहायक उपनिरीक्षक, प्रधान आरक्षक एवं पुलिस जवानों का शहर के ही दूसरे थानों में तबादला किया गया है। मंगलवार देर शाम एसएसपी ने ट्रांसफर लिस्ट जारी की। तबादला सूची के मुताबिक एसआई पियूष बघेल को रक्षित केंद्र से आमानाका थाने, देवनाथ सिंह को यातायात से धरसींवा, पवन पटवा को टिकरापारा से खम्हारडीह, घनश्याम प्रसाद चिण्डा को अभनपुर से तेलीबांधा, राजेंद्र पैकरा को आमानाका से सिविल लाइन एवं अरुण साहू को अभनपुर से कबीर नगर थाने पदस्थ किया गया है। इसके अलावा 13 एएसआई, 11 प्रधान आरक्षक एवं 25 आरक्षकों का ट्रांसफर किया गया है।

### शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर। कबीरनगर पुलिस ने एक नाबालिग लड़की से बलात्कार करने के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। घटना की रिपोर्ट पीड़िता के पिता ने 28 अगस्त को थाने में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के



अनुसार प्रार्थी की 12 वर्ष लड़की को आरोपी गोलू उर्फ विजय जांगड़े निवासी ग्राम भैसामुड़ा थाना नवागढ़ बेमेतरा ने शादी का प्रलोभन देकर उसे अपने साथ इंद्रेशम नव्या कॉलोनी पाटनचेरु तेलंगाना ले गया था, जहां एक निर्माणाधीन मकान में उसे रखकर लगातार जबरदस्ती दुष्कर्म करता रहा। प्रार्थी की रिपोर्ट के बाद पुलिस टीम ने तेलंगाना से आरोपी को गिरफ्तार कर पीड़िता को उसके परिवार के सुपुर्द किया है। इस मामले में आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है।

### चाकू लहराकर डराते धरा गया बदमाश

रायपुर। न्यू राजेंद्र नगर पुलिस ने एक चाकूबाज को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मंगलवार दोपहर को सूचना मिली कि आरोपी लक्ष्मण



छुरा निवासी शहीद राजीव पांडे नगर मोहल्ले में चाकू लेकर आम लोगों को डराते घूम रहा है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को चाकू के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### बालिका से छेड़छाड़ पकड़ा गया आरोपी

रायपुर। बालिका के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। घटना 1 अक्टूबर को दोपहर साढ़े 12 बजे दुर्गानगर की है। छेड़छाड़ की शिकार बालिका के पिता ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शिव मंडल ने उसकी बेटी को यह कहकर अपने घर बुलाया था कि उसकी बेटी उसे बुला रही है। बालिका जब उसके घर पहुंची तो वह गलत नीयत से छेड़छाड़ करने लगा। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 74 बीएनएस एवं 8 पोक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर रिमांड पर भेज दिया है।

सप्ताहभर पहले चार आरोपियों को कमल विहार से किया गया था गिरफ्तार

# ड्रग्स का दिल्ली-हिमाचल कनेक्शन, पुलिस ने नाइजीरियन मुखिया समेत गिरोह के 7 को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर पुलिस ने एमडीएमए ड्रग्स के अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस गिरोह के चार आरोपियों को पुलिस ने सप्ताहभर पहले रायपुर के कमल विहार इलाके से गिरफ्तार किया था, जिसके बाद रैकेट से जुड़े अन्य 3 आरोपियों को दिल्ली और हिमाचल प्रदेश से गिरफ्तार किया है। रैकेट का मुख्य तस्कर एक नाइजीरियन है, जिसे दिल्ली के उत्तम नगर से गिरफ्तार गया है, वहीं अन्य दो आरोपियों को कसोल एवं मनाली से गिरफ्तार किया गया है। इन तीनों आरोपियों को रायपुर लाया गया है। इस तरह पुलिस ने ड्रग्स रैकेट में शामिल 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

एसएसपी संतोष सिंह ने पुलिस कंट्रोलरूम में इस मामले का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि एसीसीयू अंतर्गत गठित नारकोटिक्स सेल एवं थाना टिकरापारा पुलिस की संयुक्त टीम ने 23 एवं 25 सितंबर को एमडीएमए ड्रग्स रैकेट में शामिल 4 आरोपियों को कमल विहार सेक्टर 4 ऑक्सीजोन के पास गिरफ्तार किया था। इनमें शुभम सोनी, अभिषेक साहू, सोनू अग्रवाल एवं आर्यन ठाकरे हैं। आर्यन रायपुर में ड्रग्स सप्लाई किया करता था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 4 पैकेट चरस, 98 एमडीएमए टैबलेट, 65 ग्राम एमडीएमए ड्रग्स (कोकीन), पिस्टल 1, मैगजीन 1, स्मार्ट मोबाइल 2, इलेक्ट्रानिक तौल मशीन 1, खाली कैप्सूल एवं प्लास्टिक के कैप्सूल 100-100 बरामद किए थे। जब्त ड्रग्स व सामग्री की कीमत करीब 16 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस को इस कार्रवाई के बाद आरोपियों से शेष पेज 13 पर

## आरोपियों की निशानदेही पर दिल्ली-हिमाचल गई थी पुलिस टीम

### हिमाचल से गिरफ्तार दोनों आरोपी भी ड्रग्स तस्कर

पुलिस टीम ने रायपुर में गिरफ्तार हुए ड्रग्स सप्लायर आर्यन ठाकरे की निशानेदही पर पहले हिमाचल प्रदेश के मनाली, कसोल स्थित एप्पल पाई होटल में दबिश दी। इस होटल का संचालक अमनदीप सिंह छाबड़ा इस रैकेट से जुड़ा हुआ है। पूछताछ पर कसोल में ही बेस्ट एवं मस्ट नामक दुकान जहां हुक्का पॉट बिक्री किया जाता है, का संचालक अशोक यादव 30 वर्ष से वह चरस तथा नाइजीरियन इनोसेंट से एमडीएमए एवं एमडी ड्रग्स खरीदी करता है। पुलिस ने इसके बाद अशोक को भी उसकी दुकान से गिरफ्तार किया। अमनदीप और अशोक दोनों मूलतः छत्तीसगढ़ के निवासी हैं। अशोक सालेगोरी थाना लोरमी जिला मुंगेली एवं अमनदीप देवेंद्र नगर रायपुर का निवासी है। सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 21बी नारकोटिक एक्ट 25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की जा रही है।



### पुलिस टीम में ये रहे शामिल

कारवाई पुलिस टीम में निरीक्षक मनोज साहू थाना प्रभारी टिकरापारा, साईबर यूनिट प्रभारी निरीक्षक परेश पांडेय, उपनिरीक्षक मुकेश सोरी, प्र.आर. सरफराज चिश्ती, रविकांत पाण्डेय, नोहर देशमुख, प्रमोद वर्ठी, महेन्द्र राजपूत, संतोष दुबे, माखनलाल ध्रुव, म.प्र.आर. बसंती मौर्या, आर. राजिक खान, महेन्द्र पाल साहू, राहुल शर्मा, आशीष राजपूत, हरजीत सिंह, तुकेश निषाद, राकेश पाण्डेय, लालेश नायक, पुरूषोत्तम सिन्हा, अभिषेक सिंह तोमर, कलेश्वर कश्यप, गणेश मरावी एवं थाना टिकरापारा से उनि धीरेन्द्र बंजारे, सउनि जयनारायण यादव एवं आर. अरूण ध्रुव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### 2 माह में 19 प्रकरणों में 42 आरोपी गिरफ्तार

गौरतलब है कि निजात अभियान के तहत एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम ने पिछले दो माह अगस्त व सितंबर में नशे के काले बाजार पर रोकथाम लगाने के लिए 19 प्रकरणों में 42 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन प्रकरणों में आरोपियों के कब्जे से कुल 1 करोड़ 60 लाख 11 हजार 550 रुपए कीमत का नशीला पदार्थ जब्त किया है। इनमें नशीले पदार्थ में गांजा 251.22 किलोग्राम, प्रतिबंधित नशीली सिरप 59 शीशी कोडिन, प्रतिबंधित नशीली टेबलेट 1152 नग स्पास्मो एवं 80 नग नाइट्रोटेन, अफीम 2.106 किलोग्राम, चरस 7.96 ग्राम, एमडीएमए टैबलेट 98 नग, एमडीड्रग्स (कोकीन) 189 ग्राम तथा घटना में प्रयुक्त चारपहिया वाहन 5, ट्रक 1, पिस्टल मय मैग्जीन 1, स्मार्ट फोन 4, इलेक्ट्रिक तौल 1, खाली कैप्सूल 100, कैप्सूल कवर 100 जब्त किया गया है।

### मुख्य तस्कर से 25 लाख रुपए का ड्रग्स बरामद

ड्रग्स रैकेट का मुख्य तस्कर नाइजीरियन निकला, जिसका नाम मिस्टर इनोसेंट ओलोचुकु है। वह नाइजिरिया के लागोस स्टेट के ऐपे सिटी का निवासी है। पुलिस ने उसे उत्तम नगर में घेराबंदी कर पकड़ा। इस दौरान वह एमडीएमए ड्रग्स के साथ रंगे हाथ पकड़ा गया। उसके कब्जे से 124 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद किया, जिसका बाजार मूल्य लगभग 25 लाख रुपए आंका गया है। इसके साथ एक मोबाइल बरामद किया गया है।

# अभी स्थानीय प्रभाव से छिटपुट बारिश ही संभव गर्मी में होगी बढ़ोतरी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मानसून की सक्रियता कम होने की वजह से अभी अच्छी बारिश के आसार दूर तक दिखाई नहीं पड़ रहे हैं। स्थानीय प्रभाव से छिटपुट बारिश हो सकती है। वातावरण में मौजूद नमी के कारण गर्मी में बढ़ोतरी होने के आसार हैं। आने वाले दिनों में रात के न्यूनतम तापमान में थोड़ी गिरावट होगी।

- माह के पहले दिन जिले के आंकड़े में 1.2 मिमी. वर्षा दर्ज

अक्टूबर के पहले दिन रायपुर जिले के आंकड़े में 1.2 मिमी. बारिश दर्ज हुई है। नारायणपुर जिले में सर्वाधिक 14.8 मिमी. वर्षा रिकार्ड हुई है। इसी तरह बस्तर के कुछ जिले और वन क्षेत्रों वाले कुछ जिले के आंकड़ों में फेरबदल हुआ है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अभी ज्यादा उमस की वजह से बनने वाले बादल के प्रभाव से कहीं छिटपुट बारिश हो सकती है। मानसून की सक्रियता अभी नजर आने के आसार काफी कम हैं। माना जा रहा है कि वातावरण में मौजूद आर्द्रता तेज धूप की वजह से परेशानी का कारण बन सकती है। शहर का अधिकतम तापमान जो 35 डिग्री के ऊपर जा चुका है, वह आने वाले दिनों में और चढ़ सकता है, जिससे गर्मी का असर अधिक होने की संभावना है। 15 अक्टूबर के बाद दक्षिण-पश्चिम मानसून की विदाई का माहौल भी प्रदेश से बनने लगेगा। इसके साथ ही देश में उत्तर-पूर्व मानसून की दस्तक होगी, जो तमिलनाडु और केरल की तरफ अपना असर दिखाएगा।

### रात का पारा भी चढ़ा हुआ

मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक अभी दिन के साथ रात का पारा भी चढ़ा हुआ है। चार महीने अच्छी बारिश होने के बाद भी उमस की परेशानी बरकरार है। लोगों को इस बेचैनी मौसम से बचने के लिए एसी और कूलर का सहारा लेना पड़ रहा है। प्रदेश के मौसम में ठंडकता माह के अंत में सीमावर्ती क्षेत्रों में महसूस होने की संभावना है।

जांच के दायरे में आएंगी एंबुलेंस

# मरीजों के परिवहन में लापरवाही तो अस्पताल की होगी जिम्मेदारी

- कई निजी अस्पतालों से दौड़ रही सुविधाविहीन एंबुलेंस, विभाग सख्ती के मूड में




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

गंभीर मरीजों को रेफर किए जाने के दौरान होने वाली लापरवाही को रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग सख्ती के मूड में आ गया है। निजी अस्पतालों से दौड़ रही सुविधाविहीन एंबुलेंस की शिकायतों के बाद इन्हें जांच के दायरे में लाने की तैयारी की जा रही है। अटैच एंबुलेंस की कंडीशन, मौजूद सुविधाओं और चिकित्सकीय स्टाफ की जानकारी निजी अस्पतालों को विभाग को उपलब्ध करानी होगी।

मरीज को लेकर परिवहन के दौरान किसी भी तरह की लापरवाही होती है, तो इसके लिए अस्पताल की जिम्मेदारी तय की जाएगी। राजधानी में मौजूद निजी अस्पतालों में बड़ी संख्या में एंबुलेंस अटैच हैं, मगर इसकी शेष पेज 13 पर

### सरकारी अस्पताल के बाहर भीड़

इस तरह के वाहनों की भीड़ सरकारी अस्पताल के बाहर भी होती है। आंबेडकर अस्पताल के बाहर एंबुलेंस लिखे कई वाहन खड़े देखे जा सकते हैं। आमतौर पर इन वाहनों का उपयोग शव वाहन के रूप में किया जाता है, मगर कई बार इमरजेंसी होने पर मरीजों को लाने ले जाने के लिए भी इनका उपयोग होता है। मरीजों की आवश्यकता के हिसाब से इनमें उपकरण होते हैं अथवा नहीं, इसकी जांच भी कभी नहीं की गई है।

### प्रस्ताव दिया जाएगा

अस्पताल में संचालित और अटैच एंबुलेंस के बारे में जानकारी जुटाने पर विचार किया जा रहा है। इसके लिए आदेश जारी करने प्रस्ताव बनाकर उच्च अधिकारियों को भेजा जाएगा।

- डॉ. मिथिलेश चौधरी, सीएमएचओ

### एयर एंबुलेंस की भी पतासाजी

चिकित्सा सुविधा के विस्तार के बाद प्रदेश में मरीजों को आपातकाल होने पर दूसरे राज्यों तक ले जाने के लिए एयर एंबुलेंस का भी उपयोग किया जाता है। सूत्रों का कहना है कि हर महीने आधा दर्जन एयर एंबुलेंस रायपुर आते रहते हैं। स्वास्थ्य विभाग प्रदेश में आवाजाही करने वाले इन एयरक्राफ्ट के बारे में भी जानकारी जुटाने की तैयारी कर रहा है, जिसका आदेश भी जल्द जारी किया जा सकता है।

# 45 हजार में बिका विसर्जन कुंड से निकला ढांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

महादेवघाट के समीप नगर निगम द्वारा बनाये गये विसर्जन कुंड से निकाले गये ढांचों के ढेर की नगर निगम ने नीलामी कर विक्रय कर दिया है। इससे नगर निगम को 45 हजार रुपये मिले हैं, जो कि पिछले साल के गणेशोत्सव विसर्जन के दौरान निकाले गये ढांचे से 3 हजार रुपये ज्यादा हैं। वहीं विसर्जन कुंड में लबालब भरे केमिकल युक्त गंदा पानी को 4 बड़े पंप को 4 दिनों तक चौबीस घंटे चलाने के बाद पूरी तरह खाली कर साफ किया गया है। 3 अक्टूबर से कुंड में दोबारा साफ पानी भरा जायेगा।

- 4 पंप लगाकर साफ कराया विसर्जन कुंड

नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के आदेश पर जोन 8 कमिश्नरी ने मिशन मोड पर 4 दिनों में कुंड का गंदा पानी खाली कर इसकी सफाई का काम पूरा करा लिया है। कुंड से निकाले गये ढांचों का ढेर 45 हजार रुपये में नीलाम हुआ। नवरात्रि से पहले कुंड की सफाई के बाद 3 अक्टूबर से इसमें दोबारा साफ पानी भरने का काम शुरू होगा, ताकि शहर में नवरात्रि के दौरान दुर्गा पंडालों में स्थापित होने वाली मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन नवरात्रि के बाद कुंड में किया जा सके।

# बूढ़ातालाब गार्डन हुआ वीरान, न फौवारा न लाइट, ओपन जिम पहले से गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी के ऐतिहासिक व सबसे पुराने बूढ़ागार्डन को सौंदर्यीकरण के नाम पर छला गया है। जहां पहले तरह-तरह के फूलदार पौधे और हरी-भरी घास हुआ करती थी, वहां अब पक्के पाथवे बनाकर प्राकृतिक सुंदरता छीन ली गई है। बच्चों और बुजुर्गों की आवाजाही से रोज शाम गुलजार होने वाले इस बगीचे का हाल ये है कि कोई भूले -भटके सांझ ढलने के बाद यहां पहुंच जाए, तो एक छोर से दूसरे छोर तक अंधेरा नजर आएगा। बूढ़ागार्डन जिसे नीलाभ उद्यान का नाम दिया गया, वहां पहले से लगाये हुए फौवारा को सौंदर्यीकरण के दौरान अनुबंधित एजेंसी के मजदूर उखाड़ कर ले गये। इसे दोबारा नहीं लगाया गया। इसी तरह लोगों को सेहतमंद बनाने लगाया गया ओपन जिम को हटा दिया गया है। जिम के उपकरण कहां गए, यह भी नहीं पता। मार्निंग वॉक पर जाने वाले जिम नहीं होने से मायूस हैं।

स्वामी विवेकानंद सदरबाजार वार्ड स्थित नीलाभ उद्यान नगर निगम की अनदेखी के कारण शेष पेज 13 पर

## पहले सुबह-शाम रहती थी रौनक, अब शाम के समय गार्डन जाने से कतरा रहे लोग



- शहर के प्राइम लोकेशन के ऐतिहासिक गार्डन की उपेक्षा, विवेकानंद के प्रतिमा स्थल के आसपास सन्नाटा

### वोल्टेज की समस्या

बताया जा रहा है कि गार्डन के अंधेरे में डूबने की मुख्य वजह वोल्टेज है। वोल्टेज नहीं होने की वजह से बिजली तकरीबन गुल रहती है। बूढ़ा महादेव मंदिर की इकलौती लाइट को जलाना भी मुश्किल हो जाता है। जाहिर है, अंधेरा है, इसलिए असामाजिक तत्वों की हलचल यहां सुरक्षा की खामियां भी बता रही हैं।



### निगम से कराएंगे व्यवस्था

बूढ़ातालाब गार्डन का सौंदर्यीकरण का काम स्मार्ट सिटी ने करवाया है। लाइटें बंद पड़ी हैं, तो इसका मेंटनेंस स्मार्ट सिटी को अनुबंधित एजेंसी से कराना चाहिए। यदि स्मार्ट सिटी यह व्यवस्था नहीं करती, तो जनहित में नगर निगम बूढ़ातालाब के नीलाभ उद्यान में प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य जरूरी सुविधा उपलब्ध करायेगा। इसके लिए प्रस्ताव बनाया जायेगा।

- सुरेश चन्नावार, अध्यक्ष पर्यावरण व उद्यानिकी विभाग, नगर निगम रायपुर

# जिओ मार्ट के दो कर्मचारी भिड़े, करछुल से हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कटोरा तालाब स्थित जिओ मार्ट में करछुल से हमला कर एक युवक को घायल करने मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। घटना 1 अक्टूबर को दोपहर करीब 2 बजे की है। प्रार्थी मो. वारिस खान निवासी मौदहापारा और आरोपी सोनू उर्फ प्रणय यादव निवासी



महादेवघाट दोनों जियो मार्ट में काम करते हैं। दोनों के बीच गर्लफ्रेंड को लेकर विवाद हो गया। इसके चलते सोनू ने मो. वारिस पर करछुल के नुकीले सिरे से उसके पेट पर हमला कर दिया, जिसे रोकने का वारिस ने प्रयास भी किया, लेकिन इसके बाद भी उसके पेट में एक जगह गहरी चोट लग गई। पुलिस पूछताछ में पता चला कि आरोपी ने अपनी गर्लफ्रेंड को एक दिन वारिस के साथ घूमते देख लिया था। इस बात पर वह नाराज था।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप

### साईंनाथ वार्षिकोत्सव में डॉ. हिमांशु द्विवेदी को आमंत्रण



**रायपुर।** श्री सतबहनिया साईं मंदिर के सोलहवें महोत्सव में हरिभूमि के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी को शामिल होने का विशेष आमंत्रण समिति के अध्यक्ष व पूर्व पार्षद गोवर्धन शर्मा ने मंगलवार को दिया है। 12 अक्टूबर को दशहरा उत्सव के मौके पर उत्साह के साथ साईं नाथ का वार्षिकोत्सव मनाया जायेगा। इस दिन प्रातः साईं बाबा का दुग्धाभिषेक, छोटी आरती व मध्यान्ह आरती की जाएगी। महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। डॉ. द्विवेदी को वार्षिकोत्सव के मौके पर आमंत्रण मंदिर समिति के अध्यक्ष गोवर्धन शर्मा, विक्रांत शर्मा, कुनाल भोजक, शुभम छत्रि, अतुल ने सम्मान के साथ प्रदान किया।


### न्याय यात्रा खरोरा पहुंची भावेश ने किया स्वागत



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में चल रही न्याय यात्रा चौथे दिन मंगलवार को खरोरा पहुंची। जहां यात्रा में चल रहे सभी न्याय यात्रियों का भव्य स्वागत प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष भावेश बघेल ने खरोरा गार्डन मोड़ के पास किया और प्रदेश अध्यक्ष को नागर स्मृति चिन्ह के रूप में भेंट दिया। इस मौके पर श्री बघेल ने कहा कि प्रदेश की साय सरकार है, जो की 9 महीने में ही निकम्मी सरकार होने का खिताब अर्जित कर चुकी है, इस साय सरकार में न तो कानून व्यवस्था ठीक है और न ही इस सरकार का काम करने का तरीका। चुनाव से पहले जनता को जो लुभावने वादे बीजेपी ने किए, वो सारे वादे सरकार बनते ही विलुप्त हो गए हैं। भाजपा सरकार के विरोध में इस पदयात्रा का अहम उद्देश्य प्रदेश के फैली अराजकता को दूर करना और सामाजिक समरसता को स्थापित करना है। स्वागत कार्यक्रम में पूर्व राज्यसभा सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक अनीता योगेंद्र शर्मा, राजू यादव, प्रशांत गोस्वामी एवं धरसीवा विधानसभा के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पुरानी बस्ती दुर्गा मंदिर में आज से ज्योति कलश

**रायपुर।** पुरानी बस्ती लिली चौक स्थित श्री दुर्गा मंदिर (मढ़ी) में 2



अक्टूबर रात्रि में ज्योति कलश प्रज्वलित किए जाएंगे। यह जानकारी समाजसेवी किशोर आहूजा ने देते हुए बताया कि 10 अक्टूबर को माताजी के दर्शन शाम 4.30 बजे और शाम 7 से 9 बजे तक भक्ति संगीत व शाम 7 बजे से भंडारा प्रसादी का वितरण किया जाएगा। 11 अक्टूबर सुबह अष्टमी हवन किया जाएगा। यह कार्यक्रम महंत गुरु अनंतपुरी गोस्वामी के आशीर्वाद व सानिध्य में किया जाएगा।

### पीएससी 15 से लेगा साक्षात्कार

रायपुर। राज्य मुख्य सेवा परीक्षा 2023 की मुख्य लिखित परीक्षा के परिणाम जारी किए जाने के बाद पीएससी द्वारा साक्षात्कार तिथि भी जारी कर दी गई है। पीएससी 15 अक्टूबर से 5 नवंबर तक साक्षात्कार लेगा। 17 विभागों के अंतर्गत 242 पदों पर इसके माध्यम से भर्ती होगी। 703 परीक्षार्थियों का चयन इंटरव्यू के लिए किया गया है।

### रक्तदान और मेगा स्वास्थ्य शिविर में 500 ने कराई जांच

**रायपुर।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब आफ रायपुर वेस्ट और रायपुर वेलफेयर फाउंडेशन सोसाइटी द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, बालाजी हॉस्पिटल मोवा के साथ रक्तदान एवं मेगा स्वास्थ्य शिविर का संयुक्त आयोजन किया गया। शिविर में सभी के प्रयास से 90 यूनिट रक्तदान किया गया और तकरीबन 500 लोगों का हेल्थ चेकअप किया गया।

# पिछड़ा वर्ग आयोग को मिला 90 प्रतिशत ओबीसी डाटा, 15 दिनों में हो सकती है आरक्षण की अनुशंसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में होने वाले नगरीय निकायों और त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव में ओबीसी आरक्षण की अनुशंसा करने के लिए गठित पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की रिपोर्ट अगले 15 दिनों में सरकार को दी जा सकती है। इस रिपोर्ट में आयोग यह अनुशंसा करेगा कि दोनों चुनावों में ओबीसी को कितना आरक्षण दिया जाना है। इससे पहले आयोग ने कलेक्टरों से सर्वे की अंतरिम रिपोर्ट मांगी थी। रिपोर्ट से संबंधित करीब 90 प्रतिशत डाटा आयोग को मिल चुका है। राज्य के स्थानीय चुनाव में ओबीसी आरक्षण की अनुशंसा सरकार को देने के लिए गठित आयोग ने ओबीसी सर्वे के संबंध में 54 बिंदुओं के आधार पर जानकारी जुटाने की तैयारी की थी। लेकिन इस काम में संभावित देरी के मद्देनजर आयोग ने राज्य के कलेक्टरों से कहा था कि कुछ चुनिंदा बिंदुओं के आधार पर अंतरिम रिपोर्ट देने कहा था। इस संबंध में 90 प्रतिशत संख्यात्मक जानकारी मिल चुकी है।

***राज्य में ओबीसी की 95 जातियां***

बताया गया है कि छत्तीसगढ़ में ओबीसी समुदाय में 95 जातियां शामिल है। इनमें हिंदुओं के अलावा मुस्लिम समुदाय के ओबीसी भी शामिल है। उल्लेखनीय है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने भी क्वांटीफायएबल डाटा आयोग का गठन कर ओबीसी की सर्वे कराया था। लेकिन कांग्रेस सरकार ने यह रिपोर्ट विधानसभा में पेश की न ही इसे सार्वजनिक किया गया है।

## राज्यभर के जिलों से आयोग को मिली अंतरिम रिपोर्ट

### अब आयोग करेगा ये काम

आयोग के सूत्रों की मानें तो अंतरिम रिपोर्ट का डाटा मिलने के बाद अब आयोग का काम आसान हो गया है। आयोग को इस रिपोर्ट में यह जानकारी चाहिए थी कि हर नगरीय निकाय और पंचायत क्षेत्र के वार्डों में ओबीसी परिवारों की संख्या कितनी है और एक परिवार में कितने लोग रहते हैं। यह जानकारी मिलने के बाद अब सूत्रों का कहना है कि अगले 15 दिनों में आयोग राज्य सरकार को ओबीसी आरक्षण के बारे में अपनी अनुशंसा रिपोर्ट देगा। इसके बाद सरकार इस रिपोर्ट की अनुशंसा पर विचार करेगी।



सरकार को दी जाएगी अनुशंसा, फिर देंगे आरक्षण

### निकायों में अध्यक्षों का भी होगा आरक्षण

बताया गया है कि पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग राज्यभर में सभी नगरीय निकायों और पंचायत क्षेत्र के वार्डों की सीमाओं का निर्धारण करेगा। इसके साथ ही ये तय किया जाएगा कि किस वार्ड में ओबीसी समुदाय की संख्या कितनी है। इसी आधार पर तय होगा कि किस निकाय या पंचायत क्षेत्र में ओबीसी की संख्या कितनी है। इसी आधार पर यह भी तय होगा कि किस निकाय या पंचायत क्षेत्र में अध्यक्ष किस वर्ग का होगा। खास बात ये है कि आयोग को भी 50 प्रतिशत की सीमा में आरक्षण के भीतर ही तय करना है। ऐसे में एससी या एसटी बहुल क्षेत्र में भी अगर किसी वार्ड या निकाय या पंचायत क्षेत्र में ओबीसी की बहुलता है तो वह क्षेत्र ओबीसी के लिए आरक्षित होगा।

## छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा का समापन आज

# पायलट शास्त्री चौक से होंगे शामिल, गांधी मैदान पर समाप्त होगी न्याय यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने नेतृत्व में चल रही कांग्रेस की छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा राजधानी के नगर निगम सीमा में प्रवेश कर गयी है। यात्रा का रात्रि विश्राम सड्डू में होगा, जहां से यात्रा बुधवार 2 अक्टूबर को गांधी मैदान के लिए रवाना होगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रभारी सचिन पायलट शास्त्री चौक से यात्रा में शामिल होंगे तथा वे गांधी चौक आमसभा में भी शामिल होंगे। प्रभारी सचिव एसए सम्पत कुमार, जरिता लेफतलांग एवं प्रभारी सह सचिव विजय जांगिड़ भी आमसभा में शामिल होंगे। पांच दिन की न्याय यात्रा 122 किमी की यात्रा पूरी कर चुकी है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, न्याय यात्रा लगातार राजधानी की ओर बढ़ रहा है वैसी ही सरकार की दिल की धड़कन बढ़ते जा रही है। छत्तीसगढ़ की जनता ने और इस के क्षेत्र वासियों ने कांग्रेस पार्टी को हाथो हाथ उठाया। न्याय यात्रा में जिस मकसद को लेकर में चले है जोश और उत्साह दुगुनी होती जा रही है।



कल तमाम वरिष्ठ नेता, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मंत्री और विधायक और पूर्व विधायक हमारे साथ चले और आगे भी चलेंगे। बुधवार को अंतिम दिन है और राजधानी रायपुर में बहुत ही बड़ा वृहद रूप लेने वाला है। राजधानी रायपुर में ऐतिहासिक जनसभा होगी। छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट कल आयेंगे और सभा को संबोधित करेंगे और छत्तीसगढ़ के बड़े नेता उपस्थित रहेंगे। सरकार के खिलाफ में जो कांग्रेस पार्टी का मकसद है उसको जनता तक पहुंचाने की सफल रहे। कांग्रेस पार्टी जनता को न्याय दिलाने के लिये यात्रा करने निकली है।

### लोहारीडीह के पीड़ित परिवार भी यात्रा में हुए शामिल

लोहारीडीह के मृतक प्रशांत साहू, कचरू साहू के परिवार तथा दोंदे के संतोष पटेल के परिवार भी पांचवे दिन की यात्रा में शामिल हुये। ये परिवार लोहारीडीह की घटना में पीड़ित परिवार है जहां मां रमोतीन, बेटी दानेश्वरी और छोटी बहन भी थी और नानी भी घर में थी जहां इनके पिता को हत्या कर फांसी पर लटका दिया गया। बेटी लगातार मांग करती रही और बताया कि पिता के साथ दो लोगो को जाते हुये देखा है ये आत्महत्या नहीं हत्या है। पुलिस प्रशासन और सरकार आनन फानन में गृहमंत्री के इशारे पर उसका पोस्टमार्टम कर हत्या की रिपोर्ट नहीं बनाकर षड्यंत्र पूर्वक आत्महत्या का रिपोर्ट बना दिया। बेटी बच्ची लगातार मांग करती रही फिर से पोस्टमार्टम कराया जाये और न्याय की मांग की।

### पायलट विशेष विमान से आएंगे

एआईसीसी महासचिव और छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी सचिन पायलट बुधवार को नई दिल्ली से 8.30 बजे विशेष विमान से प्रस्थान कर सुबह 10 बजे स्वामी विवेकानंद विमानतल रायपुर पहुंचेंगे। वे 11 बजे शास्त्री चौक से कांग्रेस की न्याय यात्रा में शामिल होंगे। वहां से गांधी मैदान की सभा के बाद 12.30 बजे एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए प्रस्थान कर 2 बजे दिल्ली पहुंचेंगे।

## सड्डू में पंकज ने न्याय यात्रा का किया स्वागत

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के नेतृत्व में कांग्रेस की न्याय यात्रा गिरौदपुरी से रायपुर के सड्डू स्थित ओम शांति निकेतन के निकट पहुंचने पर पूर्व प्रदेश महामंत्री पंकज शर्मा के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान सैकड़ों कांग्रेसियों, बिरगांव नगर निगम महापौर व पार्षद, रायपुर नगर निगम पार्षद, तीनों ब्लॉक अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति थी। पंकज शर्मा ने कहा, प्रदेश में बढ़ रही हत्या, लूट, डकैती, बलात्कार एवं नशे के अवैध करोबार पर अंकुश



लगाने में प्रदेश सरकार की विफलता को जनता के सामने लाने के लिये गिरौदपुरी से रायपुर के लिये यह यात्रा निकाली गई। प्रदेश में सरकार एवं प्रशासन की लापरवाही से नशे के कारोबारी खुलेआम सरकारी सरंक्षण में युवाओं को नशे की लत लगाकर अपराध की दुनिया में झोंक रहे हैं। कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। भाजपा सरकार सत्ता के मद मे चूर होकर आमजनता की आवश्यकताओं तक को भूल गई है। आने वाले चुनाव में इसका परिणाम भाजपा को भुगतना पड़ेगा। उन्होंने बताया, बुधवार को सुबह नौ बजे न्याय यात्रा रायपुर ग्रामीण विधानसभा के सड्डू, दलदल सिवनी एवं मोवा होते हुए गांधी मैदान के लिए प्रस्थान करेगी।

# विभागीय गलती का खामियाजा भुगत रहे 533 बांडेड डॉक्टर

## 69 हजार के बजाय 55 हजार वेतन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पदस्थापना के दौरान विभागीय त्रुटि की वजह से 69 हजार के बजाए 55 हजार वेतन वाले नियम के साथ जारी आदेश का खामियाजा 533 बांडेड डॉक्टर झेल रहे हैं। त्रुटि सुधरवाने के लिए वे स्वास्थ्य संचालनालय के चक्कर लगा रहे हैं, मगर अब तक आदेश को संशोधित नहीं किया गया है। बांडेड डॉक्टरों के प्रतिनिधि पिछले दो दिन से यूडीएफए के बैनर तले स्वास्थ्य संचालनालय पहुंचकर अधिकारियों से मुलाकात कर रहे हैं। उन्हें आश्वासन तो मिल रहा है, मगर त्रुटि सुधार का आदेश जारी नहीं हुआ है। जानकारी के अनुसार, काफी इंतजार के बाद वर्ष 2018 बैच के चिकित्सा अधिकारियों की पदस्थापना आदेश जारी किया गया था। इसमें विभागीय त्रुटि हुई और पुराने नियम का उल्लेख था, जिसमें अनुसूचित क्षेत्र में पदस्थ किए जाने वाले डॉक्टरों को 55 हजार वेतन दिए जाने का जिक्र था, जबकि शासन द्वारा वर्ष 2023 में चिकित्सा अधिकारियों का मानदेय बढ़ाकर 69 हजार कर दिया गया था। प्रारंभ में ही इस त्रुटि से अधिकारियों को अवगत कराया गया, मगर अब तक इसमें सुधार नहीं किया गया है और चिकित्सा अधिकारी अपना वास्तविक वेतन पाने के लिए स्वास्थ्य संचालनालय के गलियारों में भटक रहे हैं।

### हर माह 13 हजार कम वेतन

इस मामले में यूनाइटेड डॉक्टर फ्रंट एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. हीरा सिंह का कहना है कि विभागीय गलती की वजह से प्रत्येक डॉक्टर को हर माह 13 हजार रुपए का नुकसान उठाना पड़ रहा है। विभागीय अधिकारियों द्वारा किसी तरह का ठोस आश्वासन नहीं दिया जा रहा है। आने वाले दिनों स्वास्थ्य मंत्री से मिलकर उन्हें वस्तुस्थिति से अवगत कराएंगे।

## प्रेस से मिलिए कार्यक्रम में रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने कहा

# ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी सुविधाएं विकसित करने की जरूरत




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने मंगलवार को रायपुर प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस से मिलिए कार्यक्रम के दौरान कहा कि 14 ग्राम पंचायतों, एक नगर पंचायत, रायपुर नगर निगम के 15 वार्डों और बिरगांव नगर निगम सहित औद्योगिक क्षेत्र को समेटे हुए ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र शहर के चारों ओर फैला हुआ है। यहां समस्याएं अनंत हैं और सबकी नजरें ग्रामीण क्षेत्र पर टिकी हुई हैं। यहां के लोग बुनियादी सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। सड़क, बिजली, पानी की कमी है। हमने यहां के लोगों की छोटी-छोटी जरूरत वाले निर्माण कार्यों के लिए 50 करोड़ स्वीकृत कराए हैं। रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में बुनियादी सुविधाएं विकसित करने की जरूरत है। कार्यक्रम के दौरान विधायक मोतीलाल साहू ने मीडिया से चर्चा में कई सवालों के जवाब दिए।

- रायपुर शहर का तेजी से विस्तार हुआ है, क्या इसे महानगर पालिका बनाने की जरूरत है?
- इस प्रश्न के जवाब में श्री साहू ने कहा कि रायपुर शहर को महानगर पालिका बनाने की जरूरत है या नहीं, यह काम मेयर इन कौंसिल और सरकार के हिसाब से होगा। यहां बहुत ज्यादा काम करने की जरूरत है। घनी आबादी वाले शहर में ड्रेनेज की समस्या एक अरसे से रही है। शहर के कुछ इलाकों में सफाई की गाड़ियां नहीं पहुंच पा रही हैं। प्रशासन को इससे अवगत कराया है।

***उपहार में मिले 12 हजार अस्थायी विद्युत कनेक्शन***

- *रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने बताया कि 12 हजार अस्थायी विद्युत कनेक्शन उन्हें उपहार के रूप में मिले हैं। इससे लोग परेशान हैं। हमने सर्वे कराया है, अस्थायी विद्युत कनेक्शन की समस्या को दूर करना होगा। साथ ही शहर में झूलते तारों के जाल से मुक्त कैसे हों, इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करने की जरूरत है।*
- ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विद्याचरण शुक्ल वार्ड स्थित लभांडी और फुंडहर में नई पानी टंकी बनने के बाद 3 साल बाद भी लोगों के यहां इंटर कनेक्शन नहीं हुआ है, टंकी केवल शोपीस बनकर रह गई है?
- इस सवाल के जवाब में विधायक श्री साहू ने कहा, पानी की समस्या दूर करने नई पाइपलाइन बिछाई जाएगी। बहुत जल्द ही इस पर काम किया जाएगा। मेरे संज्ञान में यह बात है, हम कोशिश करेंगे कि लभांडी और फुंडहर में नई पानी टंकी से लोगों को जल्द ही पानी मिले।

## एक भी सांसद अब तक नहीं पहुंचा अपने लक्ष्य के करीब

# 54 में चार विधायक ही भाजपा के दस हजार सदस्य बनाने के लक्ष्य के पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश भाजपा के सदस्यता अभियान में एक माह का समय होने वाला है। इस समय में सांसद और विधायकों को दिया गया लक्ष्य प्राप्त करने में इनका पसीना छूट रहा है। अब तक महज चार विधायक ही अपना लक्ष्य प्राप्त कर सके हैं। जहां तक सांसदों का सवाल है, तो एक भी सांसद अपने लक्ष्य का 50 फीसदी आंकड़ा भी नहीं छू सका है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा अपने रायपुर प्रवास के दौरान इस मामले में नाराजगी भी जता चुके हैं।

प्रदेश भाजपा संगठन ने सदस्यता अभियान के लिए विधायकों के लिए 10-10 हजार का लक्ष्य तय किया है, वहीं सांसदों को 20-20 हजार सदस्य बनाने कहा गया है। सभी अपने लक्ष्य को लेकर जुटे हुए हैं और अपने लिंक से अपने समर्थकों के माध्यम से सदस्य बनाने का काम कर रहे हैं, लेकिन लक्ष्य तक पहुंचने में ज्यादातर विधायक और सांसदों अभी कौसों दूर हैं।



### इन विधायकों के रिकॉर्ड सदस्य

प्रदेश में भाजपा के 54 विधायक हैं। सबसे पहले दस हजार का आंकड़ा पार करने वाले पहले विधायक कुरुद के अजय चंद्राकर रहे हैं। उनके खाते में इस समय 15 हजार से ज्यादा सदस्य हैं। लेकिन सबसे ज्यादा सदस्य बनाने के मामले में भिलाई वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन ने बाजी मार ली है। उनके खाते में 27 हजार से ज्यादा सदस्य हो गए हैं। इसी के साथ राजिम के विधायक रोहित साहू जहां 13 हजार के आस-पास हैं, वहीं नवागढ़ विधायक तथा खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने करीब 12 हजार सदस्य बना लिए हैं।

### रथयात्रा निकालकर 5 लाख नए सदस्य बनाएगा भाजयुमो

भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत ने कहा, सदस्यता अभियान के पहले चरण में हमारे मोर्चा ने लगभग 2.50 लाख सदस्य बनाने का काम किया है। भाजयुमो द्वितीय चरण में रथयात्रा निकालकर पांच लाख नए सदस्य बनाने का काम करेगा। इसके लिए सभी का जिम्मा तय किया गया है। 4 से 11 अक्टूबर के बीच पूरे प्रदेश में रथयात्रा के माध्यम से विकासखण्डों में जाकर शैक्षणिक संस्थाओं, छात्रावास, दुर्गा पण्डाल, हाट-बाजार, मॉल, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड आदि जगहों पर युवाओं को सदस्य बनाएंगे। एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री भगत ने बताया, यह यात्रा प्रदेश के सभी धार्मिक स्थलों से प्रारंभ होगी। प्रत्येक रथ के साथ प्रदेश व जिला स्तर की 10 सदस्यों की टोली 8 दिनों तक सभी जगहों पर जाकर सदस्यता अभियान चलाएगी। इसी क्रम में सभी रथयात्राओं को स्थानीय भाजपा के सभी बड़े नेता हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। श्री भगत ने बताया कि प्रदेश के सभी पांच संभागों में 20 यात्राएं निकल रही हैं। श्री भगत ने बताया कि रथयात्रा के दौरान प्रत्येक दिन एक बड़ा कार्यक्रम रखा जाएगा और प्रतिदिन यात्रा में 1000 सदस्य बनाने का लक्ष्य है।

# प्रशासकीय स्वीकृति मिलते ही टेंडर प्रक्रिया शुरू करें: केदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने मंत्रालय में जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कार्यो की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को कार्यो की प्रशासकीय स्वीकृति मिलते ही टेंडर की प्रक्रिया शुरू करने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने बैठक में सभी मुख्य अभियंताओं को यह सुनिश्चित करने को कहा कि प्रशासकीय स्वीकृति मिलने के 100 दिवस के भीतर टेंडर लग जाना चाहिए। इसमें किसी भी तरह की लेट लतीफी और लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। टेंडर प्रक्रिया में विलंब होने पर जिम्मेदारी तय कर संबंधितों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जशपुर जिले के कुनकुरी में नया कार्यपालन अभियंता कार्यालय खोलने की स्वीकृति दी। इस अवसर पर जल संसाधन सचिव राजेश सुकुमार टोप्पो, प्रमुख अभियंता इंद्रजीत उइके, मुख्य अभियंता एसव्ही भागवत, केएस गुरूवर, एसके टीकम, डीके उमेरकर, आरके इंदवार सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### कुनकुरी में खुलेगा ईई जल संसाधन कार्यालय

बैठक में रिक्त पदों पर भर्ती और पदोन्नति, कुनकुरी में नये अनुविभागीय अधिकारी विद्युत यांत्रिकी कार्यालय के शुभारंभ के संबंध में आवश्यक निर्देश अधिकारियों को दिए गए। सोलर पावर प्रोजेक्ट, जल संसाधन विभाग की सम्पतियों का व्यावसायिक उपयोग हेतु नीति, बांधो से गाद निकालने हेतु डेजिंग पॉलिसी बनाने, वन विभाग में लंबित व्यपवर्तन प्रकरणों को समय सीमा में निराकृत करने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए गए।

## संचालनालय ने दिया रीव्यू डीपीसी कराने का आदेश

# सीनियर को किनारे कर जूनियर प्रमोट, दो को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग द्वारा लिपिकों की डीपीसी कर वर्ष 2023 एवं 2024 में सीनियर लिपिकों को मौका दिए बगैर जूनियर लिपिक को पदोन्नति आदेश जारी किया गया। मामले की शिकायत लोक शिक्षण संचालनालय को किए जाने पर मामले की जांच में इसे सही पाया गया। संचालनालय ने नियमानुसार रीव्यू डीपीसी करने का आदेश संभागीय संयुक्त संचालक को दिया है। पदोन्नति के लिए जो पदांकन सूची बनाई गई थी, उसमें ही गलत जानकारी दिए जाने से पदोन्नति में बड़ा खेल हुआ है। पूरा मामला अपने लोगों को लाभ पहुंचाने का है।

- **मामले में डीपीसी को निरस्त करते हुए रीव्यू डीपीसी कराने के आदेश दिए**




जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग कार्यालय में सहायक ग्रेड-2 और कनिष्ठ लेखा परीक्षक के पद पर पदोन्नति के लिए डीपीसी की गई। डीपीसी के बाद अप्रैल 2023 में पदोन्नति का आदेश जारी किया गया। आदेश जारी होने के बाद लिपिकों ने इस संबंध लोक शिक्षण संचालनालय को शिकायत की। शिकायत की जांच तीन सदस्यीय जांच समिति से कराई गई। जांच में यह पाया गया कि डीपीसी के पदांकन में जानबूझ कर गलत जानकारी दी गई और कई तथ्यों को छिपाया गया। शिकायत सही पाए जाने पर डीईओ और उनके कार्यालय में स्थापना शाखा के प्रभारी लिपिक को इसका जिम्मेदार माना गया। मामले में डीपीसी को निरस्त करते हुए रीव्यू डीपीसी कराने के आदेश दिए गए हैं।

### पोस्टिंग और पदांकन निरस्त करें

मामले में शिकायत करने वाले लिपिकों का कहना है कि रीव्यू डीपीसी से इसका कोई हल नहीं निकलेगा। उन्होंने मांग की है कि पदोन्नति के बाद जो पदास्थपना है, उसे निरस्त कर पदांकन सूची नए सिरे से बनने के बाद प्रक्रिया आगे बढ़ाना चाहिए। उनकी मांग है कि जिन लोगों पर आरोप लगा है, उनको इससे अलग रखकर पूरी प्रक्रिया संचालनालय की देखरेख में होना चाहिए।

### डीईओ जायसवाल और लिपिक को नोटिस

जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग कार्यालय में सहायक ग्रेड-2 और कनिष्ठ लेखा परीक्षक के पद पर पदोन्नति के लिए डीपीसी की गई। डीपीसी के लिए तैयार की गई पदांकन सूची में गड़बड़ी की गई। मामले में चंद्रप्रकाश साहू स्थापना शाखा में पदस्थ थे। बनाई गई पदांकन सूची में तथ्यों को छिपाते हुए नियम विरुद्ध पदोन्नति में लापरवाही और अनियमितता बरतने का दोषी पाया गया। वहीं डीईओ अभय जायसवाल को अप्रैल 2023 में नियम विरुद्ध डीपीसी कराकर पदोन्नति में अनियमितता बरतने का आरोप लगाया गया है। संचालनालय ने 26 सितंबर को पत्र जारी करते हुए दोनों से जवाब मांगा है। उल्लेखनीय है कि अभय जायसवाल राजनांगांव में डीईओ पदस्थ थे। वहां एक छात्रा को शिकायत करने पर धमकी देने के आरोप में वहां से हटाया गया था।

## खबर संक्षेप



### बीजेपी सदस्यता महाभियान में महिला विंग बनी सदस्य

**रायपुर।** बीजेपी द्वारा सदस्यता महाभियान में मंगलवार को तेलीबांधा में बड़े पैमाने में महिलाओं ने सदस्यता ली। सभी ने अपने मोबाइल से नंबर डॉयल कर अपना प्रोफाइल डाटा भरा और बीजेपी की सदस्यता ली। इस महाभियान में बीजेपी जिला उपाध्यक्ष ललित जैसिंघ, तेलीबांधा मंडल अध्यक्ष सुनील कुकरेजा, महिला विंग अध्यक्ष राशि बलवानी, मधु बहादुर, कशिश खेमानी, रिया जयसिंघानी आदि शामिल हैं।

### सोहागा मंदिर को दी पांच लाख रुपए की दान राशि

**रायपुर।** ब्राह्मणपारा स्थित श्री राधाकृष्ण स्वामी मुरली मनोहर सोहागा मंदिर प्रांगण में बन रही धर्मशाला के निर्माण कार्य के लिए पांच लाख रुपए की दान राशि मंदिर ट्रस्ट कमेटी को प्रदान की गई है। यह दान राशि ब्राह्मणपारा निवासी तिल्दाडीह वाले स्व. चंद्रिका प्रसाद पांडेय की स्मृति में पत्नी कांति बाई पांडेय निवासी सुंदरनगर ने दी है। यह जानकारी देते हुए ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने सहयोग राशि के लिए ट्रस्ट कमेटी कांति बाई पांडेय का आभार व्यक्त करते हुए उनके स्वस्थ खुशहाल एवं सुखमय जीवन की कामना की है।

### मसीही समाज का परिचय सम्मेलन आज

**रायपुर।** मसीही समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन राजधानी में बुधवार को सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जा रहा है। यह सम्मेलन कैपिटल पास्टर्स फैलोशिप द्वारा चर्च ऑफ गॉड राजातालाब में होगा। फैलोशिप के मुताबिक, सम्मेलन में अविवाहित उम्मीदवारों के अलावा विधवा तथा विधुर प्रत्याशी भी शामिल हो सकते हैं। उम्मीदवारों के आवेदन में उम्मीदवारों, पालकों व कलीसिया के पास्टर के हस्ताक्षर होने चाहिए। आधारकार्ड की कॉपी, तीन महीने तक पुराने पोस्टकार्ड साइज फोटो जमा कराना होगा।

## निधन

### बोधन सिन्हा



**रायपुर।** धमतरी के ग्राम बोरसी निवासी बोधन सिन्हा (72) का 1 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम बोरसी में किया गया। वे देवकरण, दुर्जन, दुजराम व पुनाराम सिन्हा के पिता थे।

# जमकर मुनाफाखोरी का खेल, 40 रुपए तक महंगा हो गया खाद्य तेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खाद्य तेलों में आयात शुल्क बढ़ने के बाद प्रदेशभर में मुनाफाखोरी का जमकर खेल हो रहा है। जहां राजधानी के डूमरतराई थोक बाजार के कारोबारियों ने सोया और राइसब्रान जैसे तेलों में 30 रुपए प्रति लीटर तक का इजाफा कर दिया है। वहीं रायपुर शहर के छोटे थोक कारोबारियों ने भी कीमत 35 रुपए और चिल्हर दुकानदारों ने कीमत में 40 रुपए का इजाफा कर दिया है। जो सोया तेल पहले थोक में 90 रुपए और चिल्हर में 100 रुपए था, वह अब 140 रुपए में बेचा जा रहा है। इसी तरह से राइसब्रान हरेली तेल भी थोक में 90 और चिल्हर में 100 रुपए बिक रहा था, उसे 140 रुपए में बेचा जा रहा है। डूमरतराई बाजार में खाद्य तेलों का ही कारोबार रोजाना 80 लाख से एक करोड़ तक का होता है।

केंद्र सरकार ने आयात शुल्क में इजाफा किया है। इसके बाद से ही राजधानी रायपुर के थोक से लेकर चिल्हर बाजार में खाद्य तेलों की कीमत में आग लग गई है। हालांकि आयात शुल्क बढ़ने के बाद जब नया माल आया था, तभी थोक कारोबारियों ने अपने मन से ही 20 रुपए तक कीमत में इजाफा कर दिया था। अब त्योहारी सीजन को देखते हुए कीमत और बढ़ा दी गई है।

## 100 रुपए वाला सोया और राइस ब्रान तेल अब चिल्हर में 140 रुपए बिक रहा

### थोक में 30 रुपए तक बढ़े दाम

खाद्य तेलों में सबसे ज्यादा बिकने वाले सोया और राइसब्रान तेल की बात करें तो इसकी कीमत जुलाई में सौ रुपए से कम थी। सोया तेल और राइसब्रान थोक में 90 रुपए के आसपास और चिल्हर में 95 से 98 रुपए में बिक रहा था, लेकिन बीते माह त्योहारी सीजन प्रारंभ होने से पहले इसकी कीमत बढ़ाई गई थी। अब आयात शुल्क के कारण कीमत में दो बार इजाफा किया गया है। इस समय थोक बाजार में सोया तेल में सबसे ज्यादा बिकने वाला कीर्ति गोल्ड जहां पेटी में 1500 रुपए में मिल रहा है, वहीं इसे शहर के थोक कारोबारी 1560 रुपए में बेच रहे हैं, यानी यह थोक में 130 रुपए पड़ रहा है। किराना दुकान वाले शहर से ले जाकर चिल्हर में इसे 140 रुपए में बेच रहे हैं। पहले चिल्हर में यह तेल 100 रुपए में बिक रहा था।



**उत्पादकों ने भी बढ़ाई है कीमत :** राजधानी के थोक कारोबारियों का कहना है कि उत्पादक कंपनियों ने ही कीमत बढ़ा दी है तो हम क्या करें। ज्यादातर उत्पादक कंपनियों ने दाम में 20 रुपए का इजाफा किया है। ऐसे में थोक कारोबारियों ने अपना मुनाफा लेकर इसे 25 रुपए महंगा किया है। दूसरे नंबर के थोक कारोबारियों ने इसे 30 रुपए महंगा किया है तो चिल्हर कारोबारियों ने इसे 40 रुपए महंगा किया है। जानकारों का कहना है कि उत्पादक कंपनियों के पास दो माह का स्टॉक है, उसके बाद भी कीमत में इजाफा किया गया है, जबकि केंद्र सरकार ने कीमत न बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

### हरेली तेल की भी बढ़ा दी कीमत

राइसब्रान का हरेली तेल छत्तीसगढ़ में बनता है। जानकारों के मुताबिक, इसका आयात शुल्क से दूर-दूर तक कोई लेना-देना नहीं है, लेकिन इसके बाद भी मौके का फायदा उठाते हुए कारोबारियों ने इसकी कीमत में भी थोक में 30 रुपए और चिल्हर में 40 रुपए का इजाफा कर दिया है। डूमरतराई में थोक में यह 1500 रुपए में एक पेटी 12 लीटर का पैक मिल रहा है। इसे शहर के थोक कारोबारी 1560 रुपए में बेच रहे हैं, यानी यह तेल भी थोक में 130 रुपए में मिल रहा है। चिल्हर कारोबारी इसे 140 रुपए में बेच रहे हैं।

# आटोमोबाइल सेक्टर में नवरात्रि से फिर आएगा बूम, दो माह से चल रहा है धंधा मंदा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आटोमोबाइल सेक्टर में एक बार फिर से नवरात्रि से बूम आने की संभावना है। बीते दो माह से वाहनों की बिक्री की रफ्तार मंद पड़ गई है। बीते माह गणेशोत्सव में 20 हजार वाहन बिके। नए सत्र में अप्रैल से वाहनों की बिक्री टॉप गियर में चल रही थी, लेकिन दो माह से कारोबार कम हुआ है। हालांकि बीते साल से वाहन फिर भी ज्यादा बिके हैं, लेकिन इस साल अप्रैल की तुलना में बीते दो माह दस हजार वाहन कम बिके हैं, जिसके कारण कारोबारी चिंता में हैं। गणेशोत्सव में भी 30 हजार वाहनों के बिकने का अनुमान था, लेकिन इससे दस हजार वाहन कम बिके। अब नवरात्रि में 9 दिनों तक लगातार वाहन बिकेंगे तो संभावना है कि 25 हजार से ज्यादा वाहन बिक जाएंगे।

- **गणेशोत्सव में बिके थे 20 हजार वाहन नवरात्रि में ज्यादा कारोबार की संभावना**

अपने प्रदेश में बीते दो साल से आटोमोबाइल सेक्टर में लगातार कारोबार बढ़ रहा है। जहां बीते साल 2022 से औसत 20 फीसदी ज्यादा कारोबार हुआ है, वहीं इस साल बीते साल से लगातार अच्छा कारोबार हो रहा है। नए सत्र के पहले माह अप्रैल में तो बीते साल से 43 फीसदी ज्यादा कारोबार हुआ। जहां बीते साल 39690 वाहन बिके थे, वहीं इस साल 57241 वाहन बिके। इसके बाद मई में 54994 वाहन बिके, जो बीते साल से 38 फीसदी ज्यादा हैं। इसके बाद जून में 53049 वाहन बिके, यह बीते साल से 25 फीसदी ज्यादा हैं, लेकिन मई और जून में अप्रैल से कम वाहन बिके। जुलाई में बिक्री में थोड़ा इजाफा हुआ और 54547 वाहन बिके, यह बीते साल से 35 फीसदी ज्यादा है। अगस्त में भी बीते साल से 31 फीसदी ज्यादा वाहन बिके। इस माह 46361 वाहन बिके। प्रतिशत भले बीते साल से ज्यादा रहा, लेकिन अप्रैल की तुलना में 10 हजार वाहन कम बिके हैं। यही स्थिति सितंबर में भी रही है।

### अब 3 अक्टूबर से गुलजार होगा बाजार

3 अक्टूबर से नवरात्रि प्रारंभ हो रही है। नवरात्रि के साथ ही त्योहारी सीजन भी प्रारंभ हो जाएगा। पूरे 9 दिनों तक शुभ मुहूर्त में वाहनों को बिक्री होगी। कारोबारियों को संभावना है कि 9 दिनों में 25 हजार से ज्यादा वाहन बिकेंगे। इसमें सबसे ज्यादा बिक्री दोपहिया वाहनों की होगी। इसी के साथ चारपहिया वाहन भी खूब बिकेंगे। इस समय सभी डीलरों के पास भरपूर स्टॉक है। ऐसे में मनपसंद मॉडल मिलने में भी परेशानी नहीं होगी।

# कार से 40 किलो गांजा बरामद, खरीदार सहित चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में गांजा की बड़ी खेप पकड़ी गई है। यह खेप ओडिशा से रायपुर में बिक्री के लिए लाई गई थी। एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट की टीम ने पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के राधास्वामी नगर से एक कार से 40 किलोग्राम गांजा बरामद किया है, जिसकी कीमत साढ़े 12 लाख रुपए आंकी गई है। इस कार में चार लोग सवार थे, जिनमें तीन तस्कर एवं एक खरीदार था। पुलिस ने चारों को गिरफ्तार किया है।

- **घेराबंदी कर कार को चिन्हांकित कर पकड़ा**



पुलिस अधिकारियों ने इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 30 सितंबर को पुलिस को सूचना मिली थी कि राधास्वामी नगर में एक निर्माणाधीन मकान के पास खड़ी एक कार में गांजा लाया गया है।

पुलिस की टीम इस सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर कार को चिन्हांकित कर पकड़ा। जिस समय कार को पकड़ा गया, उसमें चार लोग सवार थे। पुलिस ने जब कार की तलाशी ली, तो एक चैंबर में गांजा से भरे 30 से ज्यादा पैकेट पाए गए, जिसकी बाजार कीमत 12 लाख 50 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने गांजा के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें संतोष साहू 33 वर्ष मूलतः ग्राम परतेवा थाना राजिम हाल में मठपारा कचना रायपुर, ईतवारी नागरची 20 वर्ष निवासी सत्यम नगर सोसाइटी के पास कचना रायपुर, तुलेश्वर साहू 25 वर्ष निवासी ग्राम परतेवा राजिम तथा नीरज ताम्रकार 31 वर्ष नारायण गंज थाना टिकरिया जिला मण्डला मध्यप्रदेश का निवासी है।

### ओडिशा से लाया गया था गांजा

पुलिस पूछताछ में आरोपी संतोष ने बताया कि वह ओडिशा से गांजा लाकर रायपुर में सप्लाई कराता है। इस काम में उसकी मदद तुलेश्वर और इतवारी करते हैं। उसने बताया कि गांजा वह नीरज को सप्लाई करता है। नीरज की डिमांड पर ही 40 किलो गांजा वह और उसके साथी ओडिशा से लेकर यहां पहुंचे थे। पुलिस इस मामले में चारों आरोपियों के विरुद्ध धारा 20बी नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

# एकाउंटेंट ने साथियों से मिलकर फर्म को लगाया साढ़े तीन करोड़ का चूना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के देवेंद्र नगर स्थित एक फर्म से एकाउंटेंट द्वारा साढ़े तीन करोड़ रुपए का गबन करने का मामला सामने आया है। इस मामले में एकाउंटेंट ने जिस व्यक्ति के साथ मिलकर फर्म को चूना लगाया है, उसे मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है। हालांकि मुख्य आरोपी अभी भी फरार है।

- **साथी गिरफ्तार एकाउंटेंट फरार**

देवेंद्र नगर पुलिस के अनुसार, प्रार्थी दशरथ कुकरेजा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि देवेंद्र नगर में उसकी गोपाला इंटरप्राइजेस नाम से फर्म है, जिसकी प्रोपराइटर उसकी पत्नी हैं। प्रार्थी ने बताया कि उसकी फर्म कच्चे माल का क्रय-विक्रय करती है। प्रार्थी की बालाजी इस्पात के नाम पर एक और फर्म है, जहां आरोपी भूपेंद्र सिंह ठाकुर एकाउंटेंट के पद पर कार्य करता था। बीच में उसकी पत्नी का स्वास्थ्य खराब हो



गया, जिसके कारण एकाउंटेंट के कहने पर पत्नी के व्यवसाय में सहयोग करने के लिए फर्म का प्रतिनिधि नियुक्त किया था। इस दौरान भूपेंद्र ही फर्म की पूरी जिम्मेदारी संभालते खरीदी-बिक्री से लेकर लेनदेन का पूरा काम कर रहा था। इस काम के दौरान वह अपने साथी फैज अहमद एवं अन्य के साथ मिलकर फर्म को माल आपूर्ति का झांसा देकर एडवांस राशि के रूप में 3 करोड़ 54 लाख 28 हजार 636 रुपए फर्म में जमा नहीं कराकर अपने साथियों के बैंक खाते में कमीशन के नाम पर ट्रांसफर कर दिया। इसका पता चलने पर श्री कुकरेजा ने जब भूपेंद्र से बातचीत की तो उसने अपनी गलती स्वीकार करते हुए पैसे वापस फर्म में जमा कराने की बात कही, लेकिन इसके बाद वह फरार हो गया।

# दिल्ली में छत्तीसगढ़ के युवाओं के यूथ हॉस्टल में 135 सीटें बढ़ीं, वित्त ने दी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिल्ली में रहकर संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी करने के इच्छुक छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए खुशखबरी है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर वित्त विभाग ने युवा उत्थान योजना के तहत ट्राइबल यूथ हॉस्टल में 135 सीटें बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

- **रहने, खाने और पढ़ाई का खर्च भी**



### इन्हें मिलेगा फायदा

युवा उत्थान योजना के तहत छत्तीसगढ़ राज्य के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिभाशाली युवाओं को दिल्ली में रहकर निशुल्क यूपीएससी कोचिंग की सुविधा दी जाती है। युवाओं के रहने, खाने और पढ़ाई का खर्च भी सरकार उठाती है। पूर्व में ट्राइबल यूथ हॉस्टल में 50 नए और 15 रिपीटर बैच को यह सुविधा मिल रही थी। अब इस योजना में 135 सीटों की वृद्धि के बाद कुल 200 युवाओं को आवासीय सुविधा मिलेगी।

### मिलेंगी ये सुविधाएं

ट्रायबल यूथ हॉस्टल के अलावा अभ्यर्थी अपनी इच्छानुसार कोचिंग संस्थाओं के निकट आवासीय व्यवस्था भी कर सकेंगे। कोचिंग शुल्क के तहत अंग्रेजी माध्यम के लिए 2 लाख रुपए और हिन्दी माध्यम के लिए 1.5 लाख रुपए निर्धारित हैं। साथ ही आवास, मेस और अन्य सुविधाओं के लिए विद्यार्थी को प्रतिमाह 12 हजार रुपए की सहायता दी जाएगी। वर्तमान में ट्रायबल यूथ हॉस्टल में अधिकतम 65 अभ्यर्थियों के लिए आवासीय सुविधा उपलब्ध थी। अब इस पहल के साथ छत्तीसगढ़ के युवा सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी में अधिक समर्थ बन सकेंगे।

## पेज 11 के शेष ...

### छठ पूजा में...

और छठ पूजा को लेकर ट्रेनों में 30 अक्टूबर से 5 नवंबर तक यात्रियों की संख्या बढ़ जाएगी। भीड़ इतनी अधिक होगी कि यात्रियों को ट्रेन में पैर रखने की जगह मिल पाना भी मुश्किल होगा। ऐसा इसलिए क्योंकि पटना, कानुपर, दिल्ली, हावड़ा, भोपाल और उत्तरप्रदेश की ओर जाने ट्रेनों में वेटिंग वर्तमान में 150 से अधिक हो चुकी है। वेटिंग का यह हाल केवल एक ट्रेन का नहीं है। ट्रेनों के रद्द नहीं होने से यात्रियों को रायपुर से महानगर जाने के लिए दिन 3 से 4 ट्रेन तो मिलेंगी, लेकिन कन्फर्म सीट मिल पाना मुश्किल है। हरिभूमि ने सोमवार को ट्रेनों की वेटिंग स्थिति का जायजा लिया, तो पता चला दशहरा में रायपुर से उज्जैन जाने वाली ट्रेन में 45 स्लीपर में वेटिंग है। बाकी तीनों एसी कोच को मिलाने से वेटिंग 47 है। जयपुर के लिए भी भगत की कोठी में स्लीपर व एसी कोच में 42 वेटिंग है। यह वेटिंग त्योहार से दो दिन पहले का है। इसके बाद दीपावली और छठ पूजा के लिए वेटिंग इससे भी अधिक है। साउथ बिहार में 5 नवंबर के लिए वेटिंग स्लीपर में 62 थर्ड एसी में 64 और सेकेंड एसी में 23 और फर्स्ट में 2 है। सारनाथ में 39 स्लीपर में है। थर्ड एसी में 31 आरएसी पहुंच गया है। 4 नवंबर को पटना जाने वाली दोनों ही ट्रेनों में स्लीपर और एसी कोच में वेटिंग वर्तमान में 200 के पार है।

### दिल्ली व भोपाल की...

सतना के लिए सारनाथ में स्लीपर और एसी कोच में 62 वेटिंग है। भोपाल जाने समता एक्सप्रेस में भी ट्रेन की कुल वोटिंग अभी 50 के पार है। एक्सप्रेस ट्रेनों में कन्फर्म सीट नहीं मिलने से अब बड़ी संख्या में लोग प्रीमियम ट्रेनों का टिकट खरीदने लगे हैं। रायपुर से दिल्ली, पुणे, हावड़ा और मुंबई जाने वाली प्रीमियम ट्रेन में वेटिंग शुरू हो चुका है। ऐसे में यात्रियों को दीपावली के दौरान प्रीमियम ट्रेन में पूरा किराया देने के बाद भी खड़े-खड़े सफर करना होगा। ऐसी स्थित एक्सप्रेस के फर्स्ट एसी में भी देखने को मिलेगी। भगत की कोठी, राजधानी एक्सप्रेस, दुरंतो समेत अन्य ट्रेनों में अब सीट फुल हो चुकी है।

### ड्रग्स का दिल्ली-हिमाचल...

पूछताछ में रैकेट का मुख्य तस्कर से लेकर अन्य आरोपियों के तार दिल्ली और हिमाचल प्रदेश में जुड़े होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस टीम को दोनों राज्यों के लिए रवाना किया गया था, जहां मुख्य तस्कर सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

### बूढ़ातालाब गार्डन हुआ...

वीरान पड़ा हुआ है। पहले यहां बूढ़ापारा, सत्ती, सदरबाजार, पुरानी बस्ती, ब्राम्हणपारा, अमीनपारा सहित शहर के कोने-कोने से लोग तालाब की खूबसूरती निहारने और सुबह-शाम सेहत बनाने परिवार के साथ बड़ी संख्या में नियमित रूप से पहुंचा करते थे। अब वो बात नहीं रही। यहां का ओपन जिम कब का बंद हो चुका है। यहां न पहले जैसे फूलदार पौधे को नगर निगम सुरक्षित रख पाया, न ही नए पौधे रोपने जन प्रतिनिधि व निगम के अधिकारियों ने रुचि दिखाई। अलबत्ता रायपुर स्मार्ट सिटी और नगर निगम ने बूढ़ातालाब सौंदर्यीकरण प्रोजेक्ट के तहत दो फेज में 29 करोड़ खर्च कर तामझाम खूब किया। तालाब की खूबसूरती बढ़ाने नीलाभ उद्यान से दानी स्कूल तक फ्लोटिंग डेक बनवाया गया। लोगों को नौकाविहार की सुविधा उपलब्ध कराने ठेका एजेंसी के माध्यम से बोटिंग की सुविधा शुरू हुई, पर कुछ ही दिन में यह सेवा बंद होने से तालाब के पानी के उपर बनाए गए फ्लोटिंग डेक पर सन्नाटा पसरा है।

### मरीजों के परिवहन में...

जानकारी अब तक स्वास्थ्य विभाग के पास नहीं है। मरीज के गंभीर होने पर उसे दूसरे अस्पताल रेफर करने के दौरान लापरवाही के आरोप लगते हैं, जिसे लेकर विभागीय अफसर अब सख्ती के मूड में आने लगे हैं। जानकारी के अनुसार इस मामले में आने वाले दिनों में आदेश जारी किए जाने की तैयारी है कि अटैच एंबुलेंस में मौजूद सुविधाओं और चिकित्सकीय स्टाफ की जानकारी संबंधित अस्पताल विभाग को उपलब्ध कराए।

### गांधी जयंती पर स्वच्छता अभियान आज

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल की जंबो टीम 2 अक्टूबर को सुबह 8 बजे अनुपम गार्डन परिसर में स्वच्छता अभियान चलाएगी। गांधी जयंती के अवसर पर इस कार्यक्रम में मंडल की सभी समितियों के पदाधिकारी, समस्त केंद्रों की संयोजिका, सह-संयोजकाएं और कार्यकारिणी सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में आजीवन सभासद भी सफाई अभियान में जुटेंगे। कार्यक्रम के संयोजक श्याम सुंदर खंगन ने बताया कि गार्डन के बाहरी क्षेत्र, खासकर टैंक एरिया में भी मंडल की टीम साफ-सफाई करेगी। इसके अलावा शाम 7 बजे चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल में महात्मा गांधी और पं. लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई जाएगी। इस मौके पर महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर उनके जीवन के महत्वपूर्ण प्रसंगों पर चर्चा की जाएगी।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक, रायपुर 16 (सारागांव) तहसील धरसींवा जिला - रायपुर**
**सीमांकन के सम्बन्ध में आम सूचना**
**दिनांक 28.09.2024**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक / आवेदिका अखिलेश्वर वर्मा पिता केजूराम वर्मा द्वारा आवेदित ग्राम मांढ़र प.ह.नं. 22 राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर 16 स्थित खसरा नंबर 859/9 रकबा. 0.171 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा के आदेश दिनांक 08.04.2024 के परिपालन में दिनांक 03.10.2024 के समय 10.00 बजे के पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वे उक्त दिनांक / समय तक पटवारी हल्का नं....... के....... स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैद्य अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है । बाद में किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा ।

अतः सूचना जाने ।
राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. रायपुर-16
(सारागांव)

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर, जिला- रायपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

क्रमांक / क / बी-121/2024 रायपुर, दिनांक 23/09/2024
ग्राम-रायपुर खास, प.ह.नं.......
तहसील रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक श्री दिनेश पटेल पिता- श्री मिलन पटेल द्वारा इस न्यायालय मृत्यु प्रमाण-पत्र बाबत आवेदन पत्र पेश कर उल्लेख किया है, आवेदक के माता- स्व. श्रीमती रम्भा पटेल पति श्री मिलन पटेल की मृत्यु दिनांक 14/03/2016 को घर में हो चुकी है। उनके मृत्यु उपरांत आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण-पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 07/10/2024 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 23/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

(मुहर) तहसीलदार एवं कार्यापालिक दण्डाधिकारी रायपुर (छ.ग.)

**न्यायालय विवाह अधिकारी रायपुर (छ.ग.)**
**फार्म 'अ'**

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि श्री सतीश सिंह पिता स्व.श्री मोहन लाल सिंह निवासी बी-706 इम्प्रेसिया एलाईट शुभम पार्क के पास कमल विहार देवपुरी जिला रायपुर एवं कु.डॉली रामटेके पिता स्व.श्री भागवत रामटेके निवासी म.नं. 182 प्रोफेसर कालोनी सेक्टर-01 अटल उद्यान के सामने जिला रायपुर / ब्लाक कालोनी स.शि.मं. के पास पत्थल गांव जिला जशपुर ने विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 25 अक्टूबर, 2024 के पूर्व निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नही होगी, तथा यह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 25 सितम्बर, 2024 को इस न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मुद्रा सहित जारी किया गया।

अवधि 30 दिन से कम न हो

(मुहर) विवाह अधिकारी रायपुर

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल-12 रायपुर**
**आम सूचना**
**जारी दिनांक 26/09/2024**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री शशांक मिश्रा पिता सुरेश मिश्रा निवासी शहीद भगत सिंग चौक टिकरापारा रायपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम टिकरापारा पटवारी हल्का नंबर 70 राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-12 रायपुर में स्थित भूमि जिसका शीट नं. 23, भू-खंड क्रमांक 1/4 रकबा 1380 का हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 25/09/2024 के परिपालन में दिनांक 05/10/2024 को समय 2.00 पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 70 के लालपुर में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी भी प्रकार के दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक मण्डल-12 रायपुर**

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित हो कि मेरी पक्षकारा श्रीमती मिथलेश मिश्रा, पति - श्री अशोक मिश्रा, निवासी- गली नं. 07, सन्यासी पारा, खमतराई रायपुर, तहसील व जिला - रायपुर, छ.ग की निवासी है। मेरी पक्षकारा का पुत्र महेश मिश्रा उर्फ रिंकू, पिता - श्री अशोक कुमार मिश्रा जो अन्य जाति की लड़की के साथ 10 वर्षों से रहता है जिसको मेरी पक्षकारा एवं परिवार के अन्य सदस्यों के द्वारा समझाने के उपरांत भी वह नहीं समझ रहा है और परिवार से 10 वर्षो से अलग होकर निवास कर रहा है साथ ही मेरी पक्षकारा का पुत्र महेश मिश्रा उर्फ रिंकू द्वारा मेरी पक्षकार एवं परिवार के अन्य सदस्यों के साथ उचित व्यवहार, आदरपूर्ण, आचरण नहीं किया जा रहा है जिसके कारण मेरी पक्षकारा एवं परिवारजन व्यथित होकर अपने पुत्र महेश मिश्रा उर्फ रिंकू से किसी भी प्रकार का कोई संबंध नहीं बचा है और ना ही महेश मिश्रा उर्फ रिंकू से मेरी पक्षकारा अर्थात माता-पिता एवं परिवार के अन्य सदस्यों से कोई संबंध रह गया है।

यह कि मेरी पक्षकारा के स्वामित्व व आधिपत्य की संपत्ति जो कि वाके मौजा- उरकुरा ( शक्तिपारा) मां शीतला वार्ड नं. 16, प.ह.नं. 108/38/40, रा.नि.मं. - रायपुर - 1, तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.) में स्थित है जिसका खसरा नं. 333/2 का भाग रकबा 4732 वर्गफुट है, इसी प्रकार एक अन्य भूमि जो कि वाके मौजा- खमतराई, सन्यासीपारा, वीर शिवाजी वार्ड क्रमांक- 07, प.ह.नं. 108, रा.नि.मं. -रायपुर- 1, तहसील व जिला - रायपुर (छ.ग.) में स्थित है जिसका खसरा नं. 527/1, 547/1, 548/1 रकबा कुल 1800 वर्गफुट है में मेरी पक्षकारा के पुत्र महेश मिश्रा उर्फ रिंकू का किसी भी प्रकार से कोई हक व दावा नहीं रहेगा, मेरी पक्षकारा अपने पुत्र महेश मिश्रा उर्फ रिंकू से सभी संबंधों को खत्म कर अपनी संपत्ति से बेदखल कर रही है जिसके संबंध में यह आम सूचना का प्रकाशन किया जा रहा है यदि मेरी पक्षकारा के पुत्र महेश मिश्रा के साथ किसी भी प्रकार का संव्यवहार, लेन-देन या अन्य कृत्य किया जाता है तो उसके लिए मेरी पक्षकारा जिम्मेदार नहीं होंगी उसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार माना जायेगा ।

सो सूचना जाने ।

रायपुर, छ.ग.
दिनांक- 01.10.2024

भवदीय
चंद्रशेखर श्रीवास्तव (अधिवक्ता)
आफिस एवं निवास- विक्रमादित्य सदन, पल्लवी विहार रोहिणीपुरम रायपुर (छ.ग.)







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# सशस्त्र सैन्य समारोह में टी-90 भीष्म टैंक, आधुनिक हथियार-उपकरण होंगे आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**भारतीय सेना की ताकत और कौशल को करीब से देखने का सुनहरा मौका- ब्रिगेडियर आनंद**

साइंस कॉलेज मैदान पर आयोजित दो दिवसीय सशस्त्र सैन्य समारोह में टी-90 भीष्म टैंक, पैदल सेना लड़ाकू वाहन, स्ट्रेला 10एम सेना वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली, जेडयू 23 गन, आर्टिलरी की 105 एमएम लाइट फील्ड गन सहित कई आधुनिक हथियार एवं उपकरण आकर्षण का केंद्र होंगे। ब्रिग्रेडियर अमन आनंद (विशिष्ट सेवा मेडल) ने कहा कि आम लोगों को भारतीय सेना की ताकत और कौशल को करीब से देखने का यह सुनहरा मौका है।

- युद्ध के दौरान इस्तेमाल किए जाने वाले ड्रोन प्रदर्शनी के माध्यम से देखने को मिलेंगे

पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम में मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में ब्रिग्रेडियर ने कहा कि सशस्त्र सैन्य समारोह का मुख्य उद्देश्य युवाओं को भारतीय सेना में शामिल होने और देश की सेवा करने के लिए प्रेरित करना है। ब्रिग्रेडियर ने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से भारतीय सेना के कौशल एवं ताकत का प्रदर्शन देखने को मिलेगा। इससे लोगों के बीच राष्ट्रवाद और देशभक्ति को बढ़ावा मिलेगा और नागरिक-सैन्य संबंध मजबूत के बारे में भी जानकारी मिलेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना से जुड़ने के लिए स्टॉल लगाए जाएंगे। इस आयोजन में बड़े-बड़े आधुनिक उपकरणों की प्रदर्शनी लगेगी। प्रमुख रूप से युद्ध के दौरान इस्तेमाल किए जाने वाले ड्रोन की प्रदर्शनी के माध्यम से देखने को मिलेगी।

### खुखरी नृत्य की प्रस्तुति

समारोह में गोरखेडियर्स, सिग्नल और गोरखा प्रशिक्षण केंद्रों के सैन्य पाइप और ब्रास बैंड और विशिष्ट गोरखा रेजिमेंट के सांस्कृतिक दल द्वारा खुखरी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां भी होंगी। आयोजन के दौरान सेना भर्ती कार्यालय रायपुर और एनसीसी ग्रुप मुख्यालय द्वारा सशस्त्र बलों में शामिल होने युवाओं के लिए सूचना केंद्र स्थापित किए जाएंगे।



### भारतीय सेना में जाने के लिए प्रोत्साहित होंगे युवा- कलेक्टर

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि भारतीय सेना की देश भक्ति जज्बा, शक्ति और क्षमताओं की ताकत सशस्त्र सैन्य समारोह में देखने को मिलेगा। भीष्म टैंक समेत अनेक उपकरणों का रोमांच देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस आयोजन में दंतेवाड़ा के प्रतिभावान युवा घुड़सवारी के माध्यम से कौशल दिखाएंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के युवाओं में ऐसे आयोजन होने के बाद सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा और भारतीय सेना में जाने के लिए प्रोत्साहित होंगे।

## खबर संक्षेप

### इफ्सेफ का सत्याग्रह आज, सौंपेंगे ज्ञापन

**रायपुर।** इंडियन पब्लिक सर्विस एम्प्लाइज फेडरेशन(इफ्सेफ) के राष्ट्रीय आह्वान पर सभी राज्यों की राजधानी एवं जिला मुख्यालयों में गांधी जयंती पर सत्याग्रह किया जाएगा। चार सूत्रीय राष्ट्रीय मांगों को लेकर गांधी जयंती पर मांगों को पूरा कराने का संकल्प लेकर प्रधानमंत्री के नाम से ज्ञापन दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ राज्य के प्रांतीय संयोजक आलोक मिश्रा ने बताया कि रायपुर नगर निगम ऑफिस के पीछे गांधी चौक पर 2 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे इफ्सेफ से संबद्ध सभी कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी एकत्रित होकर एक घंटे का सत्याग्रह करेंगे। कार्यक्रम में इफ्सेफ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनिल शुक्ला एवं ओपी शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### बैज को धान से तौलकर किया अभिनंदन



**रायपुर।** लगातार बढ़ते अपराध, लचर कानून व्यवस्था, महिलाओं की असुरक्षा और हिंसक घटनाओं के खिलाफ कांग्रेस की ओर से निकाली गई न्याय यात्रा मंगलवार को दोंदे पहुंची। इस न्याय यात्रा में लोहारीडीह हत्याकांड के पीड़ित परिवार पहुंचे और न्याय की मांग की। इसी दौरान जिला कांग्रेस कमेटी ने प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज को धान से तौलकर अभिनंदन किया। साथ ही सारागांव में 10 स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों का श्रीफल एवं शॉल से सम्मान किया। यह कार्यक्रम जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर श्री वर्मा ने बताया कि मंच पर छत्तीसगढ़ के किसानों, अन्नदाताओं को श्रमसेवा के प्रतीक धान से तौला गया। कार्यक्रम में धनेंद्र साहू, मोहन मरकाम, छाया वर्मा, अनिता शर्मा, डोमेश्वरी वर्मा, पंकज शर्मा आदि शामिल रहे।

### तिरुपति बालाजी के प्रसाद में मिलावट, गरबा सहित अन्य विषयों को लेकर प्रदर्शन

# विहिप ने सुभाष स्टेडियम से आंबेडकर चौक तक निकाली रैली, ज्ञापन लेने पहुंचे मंत्री केदार कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल सहित सर्व हिंदू समाज ने मठ - मंदिरों को प्रशासन से मुक्त करने, तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद में हुई मिलावट की घटना की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने सहित अन्य विषयों को लेकर राजधानी में प्रदर्शन किया। इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। विश्व हिंदू परिषद ने रैली भी निकाली और सड़क पर बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ किया। मंत्री केदार कश्यप ज्ञापन लेने पहुंचे, जिन्हें ज्ञापन सौंपा गया।

- सड़क पर बैठकर सुना हनुमान चालीसा पाठ
- मठ मंदिरों को प्रशासन से मुक्त करने की मांग




राजधानी के नेताजी सुभाष स्टेडियम से अंबेडकर चौक तक विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में मंगलवार को आक्रोश रैली निकाली गई। इसमें प्रदेशभर के विभिन्न समाजों के लोगों ने हिस्सा लिया। रैली में छत्तीसगढ़ के सर्व हिंदू समाज के प्रमुखों, मंदिर ट्रस्ट और अन्य प्रतिनिधियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद के क्षेत्र संगठन मंत्री जितेंद्र पवार ने इस मौके पर कहा, तिरुपति बालाजी और देश के अन्य मंदिरों की पवित्रता के साथ हो रहे खिलवाड़ से हिंदू समाज बेहद आक्रोशित है। मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से तुरंत मुक्त किया जाए और उनकी पवित्रता को पुनः स्थापित किया जाए। मंदिरों की संपत्ति का दुरुपयोग किसी भी हालत में स्वीकार नहीं है, यह आय केवल धार्मिक कार्यों में ही उपयोग में होनी चाहिए। रैली का संचालन विश्व हिंदू परिषद छत्तीसगढ़ के प्रांत मंत्री विभूतिभूषण पांडे ने किया। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, हमारा आंदोलन तिरुपति बालाजी मंदिर से शुरू हुआ है, लेकिन यह सिर्फ एक मंदिर का मुद्दा नहीं है। यह पूरे देश के हिंदू मंदिरों की पवित्रता और उनके संपत्ति के सही उपयोग की मांग है। जब तक हमारे मंदिर हमें नहीं सौंपे जाते, तब तक यह आंदोलन जारी

### हनुमान चालीसा पाठ, मंत्री केदार कश्यप को ज्ञापन

रैली के बाद सड़क पर बैठकर समाजजनों ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस दौरान मंत्री केदार कश्यप ज्ञापन लेने पहुंचे। जिसे विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपा।श्री कश्यप ने सड़क पर बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ भी सुना।

### मुख्य मांगें

- तिरुपति बालाजी मंदिर सहित देश के सभी सरकारी नियंत्रण वाले मंदिरों को तुरंत मुक्त किया जाए।
- मंदिरों की संपत्ति और आय का दुरूपयोग बंद हो और इसे धार्मिक कार्यों के लिए ही उपयोग किया जाए।
- मंदिरों का प्रबंधन संतों और हिंदू समाज के भक्तों के हाथ में सौंपा जाए।
- तिरुपति बालाजी मंदिर में महाप्रसाद में हुई मिलावट की घटना की उच्च स्तरीय जांच हो और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

## सड्डू-दलदल सिवनी में पानी की समस्या से परेशान रहवासियों ने घेरा जोन दफ्तर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड के सड्डू और दलदल सिवनी में पानी की समस्या से त्रस्त रहवासियों ने मंगलवार को वार्ड पार्षद सुशीला धीवर के नेतृत्व मे जोन दफ्तर का घेराव किया। इस दौरान रहवासियों ने वार्ड में स्ट्रीट लाइट की समस्या और हाट बाजार के चबूतरा आवंटन में देर पर रोष जताते हुए जोन दफ्तर के सामने नारेबाजी की। दरअसल, नगर निगम जोन 9 के दलदल सिवनी और सड्डू गांव के रहवासी पेयजल समस्या से परेशान हैं। भुक्तभोगियों का कहना है, वार्ड में 2 पानी टंकी हैं, जिसकी जलभराव क्षमता 7.5 मीटर की है। संबंधित पानी टंकी में मात्र 3 या 4 मीटर पानी भरा जा रहा है जो कि लोगों की पेयजल जरूरत के हिसाब से बहुत कम है। इससे आए दिन लोगों को पीने के पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। पानी टंकी को पूरी क्षमता के साथ भरने की मांग रहवासियों ने की। उनका ये भी कहना है, सड्डू में नया हाट बाजार बनाये 8 साल हो गये, पर सब्जी विक्रेताओं को चबूतरे का आवंटन अब तक नहीं हो पाया।

- मेनगेट के सामने घंटों नारेबाजी

# राशन दुकान संचालकों ने 6 सूत्रीय मांग को लेकर तूता में दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के 15 हजार राशन दुकान संचालकों ने अपनी 6 सूत्रीय मांगों के प्रति शासन का ध्यान आकर्षित कराने नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर प्रदेश व्यापी धरना दिया। राशन दुकानदार एवं विक्रेता कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के बैनर तले संचालकों ने इलेक्ट्रिक वजन मशीन की गुणवत्ता में सुधार, राशन आवंटन में अनियमितता का समाधान, वित्तीय सहायता की समय पर उपलब्धता और मार्जिन मनी बढ़ाने सहित अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन किया।

- राशन दुकानदार एवं विक्रेता कल्याण संघ के आव्हान पर प्रदेश व्यापी धरना

राजधानी में राशन दुकान संचालकों के एक दिवसीय प्रदेश व्यापी धरना प्रदर्शन के बाद अब बुधवार से सेल्समैन ब्लाक, जिला और तहसील स्तर पर अनिश्चितकालीन आंदोलन पर रहेंगे। इससे खाद्य आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका है। विदित हो राशन दुकान संचालक इससे पहले भी अपनी लंबित मांगों के संबंध में मंत्रियों और विभागीय अधिकारियों से बात कर चुके हैं। बीते दिनों संघ के पदाधिकारियों ने खाद्य मंत्री दयालदास बघेल से मुलाकात की थी, लेकिन समस्या का समाधान नहीं होने से मंगलवार को राजधानी में प्रदेशव्यापी धरना प्रदर्शन कर अपनी मांगों के प्रति ध्यान दिलाया।

राशन दुकान संचालकों के साथ ही मंगलवार को प्रदेश के सभी खाद्य निरीक्षक, सहायक खाद्य अधिकारी ओर खाद्य अधिकारी एक दिवसीय सामूहिक अवकाश पर रहे। 2 अक्टूबर को वे एक दिवसीय धरना देंगे। इनकी प्रमुख मांगों में खाद्य निरीक्षकों और सहायक खाद्य अधिकारियों की वेतन विसंगति दूर करने, सहायक संचालक के पद पर पदोन्नति और सीधी भर्ती के अनुपात को पूर्व की भांति किया जाना शामिल है।




### ...तो फिर करेंगे हड़ताल

राशन दुकान संचालकों को खाद्य मंत्री और अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि मांगों पर विचार कर उसे जल्द पूरा किया जाएगा। यदि माहभर के भीतर मांगें पूरी नहीं हुईं तो अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे।
- **नरेश बाफना**, अध्यक्ष पीडीएस राशन दुकान व विक्रेता कल्याण संघ रायपुर

## बिजनेस साइट

### बैंक ऑफ इंडिया रायपुर अंचल में हिंदी माह का सफल समापन



**रायपुर।** बैंक ऑफ इंडिया रायपुर अंचल ने हिंदी माह-2024 का उत्साहपूर्वक समापन किया। इस दौरान विभिन्न शाखाओं और आंचलिक कार्यालयों में अनुवाद, बैंकिंग शब्दावली, आशु-भाषण, गीत-गायन, कविता वाचन, मुहावरे और लोकोक्तियां आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं में बैंक के अनेक स्टाफ ने सक्रियता से भाग लिया। पुरस्कार वितरण समारोह में आंचलिक प्रबंधक गायत्री कंपा और उप-आंचलिक प्रबंधक नागेंद्र प्रसाद चौरसिया ने हिंदी की महत्ता एवं आर्थिक क्षेत्र में इसके बढ़ते प्रभाव पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन राजभाषा अधिकारी करन सिंह ने किया। सभी विजेताओं को प्रशस्तिपत्र और पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर सभी कर्मचारियों ने राजभाषा का संकल्प लिया, जिससे कार्यस्थल पर हिंदी के अधिकतम प्रयोग के प्रति उनकी प्रतिबद्धता स्पष्ट हुई।

### स्वदेशी खादी महोत्सव को मिल रहा शानदार रिस्पांस



**रायपुर।** शहर के गॉस मेमोरियल ग्राउंड सिविल लाइंस में स्वदेशी खादी महोत्सव का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में सभी राज्यों के बुनकरों द्वारा बनाई गई वस्तुओं का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है, जिसमें लगभग एक लाख से अधिक वैरायटियों का प्रदर्शन किया गया है। स्वदेशी खादी प्रदर्शनी का उद्देश्य स्थानीय लोगों को बुनकरों की कला और उनकी उत्पादों से लाभान्वित करना है। प्रदर्शनी में मेरठ के खादी कुर्ते, असम सिल्क साड़ी, कश्मीरी पशमीना साड़ी, बंगाल के जूट बैग, राजस्थान की मोजड़ी, लखनवी चिकन, बनारसी सिल्क साड़ी, हैदराबादी कॉटन साड़ी और जयपुर के कपड़ों सहित कई अन्य हस्तशिल्प वस्तुएं प्रदर्शित की गई हैं। यह प्रदर्शनी सुबह 11 बजे से रात 10 बजे तक खुली है और इसमें हथकरघा एवं हस्तशिल्प वस्तुओं पर 10% से 20% तक की विशेष छूट भी दी जा रही है। शहरवासियों के लिए यह आयोजन विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

### श्री श्रेयन आयुर्वेद पंचकर्मा और वेलनेस सेंटर की उत्कृष्ट सेवाएं




**रायपुर।** गायत्री नगर में स्थित 'श्री श्रेयन आयुर्वेद पंचकर्मा और वेलनेस सेंटर' आयुर्वेद और पंचकर्म के क्षेत्र में महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान करता है। यह केंद्र प्राचीन आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के माध्यम से लोगों के जीवन को संतुलित और स्वस्थ बनाने का प्रयास करता है। इस सेंटर का संचालन वैद्य डॉ. पल्लवी क्षीरसागर द्वारा किया जाता है, जो पुणे से आयुर्वेद में एमडी हैं। उनकी विशेषज्ञता पंचकर्म और आयुर्वेदिक चिकित्सा में है। यहां मरीजों का उपचार पंचकर्म के माध्यम से किया जाता है, जो शरीर से विषाक्त पदार्थों को निकालने और शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को पुनर्स्थापित करने में मदद करता है।

### मेडिशाइन हॉस्पिटल में छग की पहली हाइपरबैरिक ऑक्सीजन थेरेपी सुविधा



**रायपुर।** न्यू राजेंद्र नगर अमलीडीह स्थित श्री मेडिशाइन हॉस्पिटल ने छत्तीसगढ़ में पहली बार हाइपरबैरिक ऑक्सीजन थेरेपी की सुविधा शुरू की गई है। यह आधुनिक चिकित्सा पद्धति अब मध्यभारत के लोगों के लिए उपलब्ध है, जिससे कई स्वास्थ्य समस्याओं के इलाज में नई संभावनाएं जुड़ गई हैं। हाइपरबैरिक ऑक्सीजन थेरेपी में मरीज को उच्च दबाव में शुद्ध ऑक्सीजन दिया जाता है, जिससे शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ती है। यह प्रक्रिया घावों को तेजी से भरने, संक्रमण रोकने और न्यूरोलॉजिकल समस्याओं में सुधार में मदद करती है। विशेष रूप से यह डायबिटिक फुट अल्सर और कैंसर के इलाज के दौरान रेडिएशन थेरेपी के साइड इफेक्ट्स को कम करने में सहायक है।

### मैट्स स्कूल ऑफ फैशन डिजाइनिंग एंड टेक्नोलॉजी में खादी फैशन शो




**रायपुर।** गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर मैट्स स्कूल ऑफ फैशन डिजाइनिंग एंड टेक्नोलॉजी ने मंगलवार को एक भव्य खादी फैशन शो का आयोजन किया। यह कार्यक्रम मैट्स विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा आयोजित सबसे प्रतिष्ठित समारोहों में से एक है, जो भारत की समृद्ध कपड़ा विरासत को प्रदर्शित करता है। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. पौलोमी बनर्जी थे। कार्यक्रम में मैट्स विश्वविद्यालय के कुलाधिपति गजराज पगारिया, महानिदेशक प्रियेश पगारिया, कुलपति डॉ. केपी यादव और अन्य अतिथियों ने भी भाग लिया। सभी ने छात्रों को फैशन डिजाइनिंग में कॅरियर की संभावनाओं के प्रति प्रेरित किया और इस आयोजन की सराहना की।

### न्यू इंडिया एश्योरेंस का रक्तदान शिविर



**रायपुर।** न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय ने मंगलवार को राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य रक्तदान के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना और लोगों को स्वेच्छा से रक्तदान के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में कंपनी के कर्मचारियों और स्थानीय निवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कंपनी ने न केवल रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाई, बल्कि सामुदायिक सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी प्रदर्शित की। वरिष्ठ अधिकारियों ने रक्तदान के फायदों पर प्रकाश डाला, जिससे अधिक लोगों को प्रेरणा मिली। इसके साथ ही 'स्वच्छता ही सेवा 2024' के तहत कार्यालय और आसपास के सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया। स्थानीय दुकानों पर डस्टबिन वितरित कर, स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया।

### नवरात्रि पर जिन मंदिरों में ज्यादा भीड़, वहां एंबुलेंस



**रायपुर।** नवरात्रि पर्व पर मंदिरों में होने वाली भारी भीड़ के दौरान आपात व्यवस्था से निपटने स्वास्थ्य विभाग भी तैयारी में है। तमाम सीएमएचओ को आदेश जारी करने ज्यादा भीड़ वाले मंदिरों में एंबुलेंस और डॉक्टरों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य संचालनालय की ओर से जारी आदेश में जिक्र किया गया है, स्वास्थ्य विभाग की टीम अपने जिले में ऐसे स्थानों को चिन्हित करे, जहां नवरात्रि से लेकर विजयादशमी के बीच ज्यादा भीड़ होती है। ऐसे स्थानों पर आवश्यकता के हिसाब से एंबुलेंस और डॉक्टरों की तैनाती की जाए। इसके अलावा जरूरी दवाओं के साथ अन्य चिकित्सकीय स्टाफ की व्यवस्था भी वहां की जाएगी।

हाथी पांव
पैर में सूजन (हाथी पांव)
जैनाईटल फाईलेरियेसिस (जननांगों में सूजन)
DR. NIRVED JAIN (PLASTIC SURGEON)
जीवन हॉस्पिटल
न्यू शांति नगर, गली नं. 04, रायपुर (छ.ग.)
7400558800

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
बनी रहे मुस्कान
कटे होंठ व तालु का नि:शुल्क ईलाज स्माइल ट्रेन के सौजन्य से
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक, 23 दिसंबर से 29 दिसंबर 2024, 02 मई से 08 मई 2025
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
ट्रॉमा केयर यूनिट
पॉली ट्रॉमा
मिनिमली इन्वेसिव ट्रॉमा सर्जरी
कूल्हे एवं कमर के फ्रेक्चर
पुराने ना जुड़े/टेढ़े-मेढ़े जुड़े फ्रेक्चर
हड्डियों से मवाद रिसना
ICU एवं क्रिटिकल केयर टीम की सेवा सहित
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

मधुमेह का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 20 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 +
Resume Whatsapp करें
8370049468, 9098324969
हरिभूमि कार्यालय
पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर

02

आग के बिना तैयार किए पकवान, भाषण....

**लाइव इवेंट**

## पारंपरिक वाद्ययंत्रों संग देवी गीत झांकी में दिखा मनमोहक स्वरूप



**रायपुर।** अग्रसेन महाविद्यालय में जसगीत प्रतियोगिता का आयोजन अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में किया गया। इस प्रतियोगिता में बीस मंडलियों ने भाग लिया। कलाकारों ने पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ जसगीत की प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली अधिकतर महिला मंडली रही, जिनकी मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। छोटी कन्या के रूप में माता की सुंदर झांकी निकल कर महाविद्यालय के वातावरण को और भी भक्तिमय बना दिया। प्रथम स्थान जयगुरु माता जागरण समिति सारथी चौक, द्वितीय श्री छत्तीसगढ़ नवयुवक माता सेवा जस मंडली, तीसरे स्थान पर अग्रसेन कला केंद्र रहा।

### माता की झांकी का भी प्रदर्शन



जस मंडलियों द्वारा पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ सुंदर झांकी का भी प्रदर्शन किया गया। जसगीतों के जरिए माता की आराधना की गई। निर्णायकों ने भी सभी जसमंडली की सराहना की। महाविद्यालय के डायरेक्टर ने कहा, अपनी परंपरा को बचाने के लिए मनुष्य को धर्म-कर्म करते रहना चाहिए। इससे समाज में अपने संस्कृति के प्रति सकारात्मकता और संरक्षण का भाव पैदा होता है। अपनी परंपरा और संस्कृति से नवयुवकों को अवगत कराने के लिए इस प्रकार के आयोजन होते रहना चाहिए। समाज के केंद्रीय अध्यक्ष अनुराग अग्रवाल, केंद्रीय सचिव डॉ.जेपी अग्रवाल, अजय दानी, उमेश अग्रवाल, डॉ.रविन्द्र अग्रवाल और महिला मंडल के सदस्य मौजूद रहे।

**प्रदेश के लोकप्रिय जसगीत कलाकारों की महीने भर पहले हो चुकी बुकिंग**

# ओडिशा सहित दूसरे राज्यों में जसगीत पेश करेंगे प्रदेश के लोकगायक, रायगढ़ व बस्तर में भव्य जगराता

शारदीय नवरात्रि की शुरुआत कल से होने जा रही है। जसगीत के जरिए माता की आराधना करना छत्तीसगढ़ की परंपरा से जुड़ा हुआ है। शहर के देवी मंदिरों के साथ-साथ पंडालों में पहले दिन से जसगीत व जगराता का क्रम शुरू हो जाएगा, जो पूरे नौ दिनों तक चलेगा। हर साल नवरात्रि के दौरान प्रदेश के लोक कलाकरों की मांग बढ़ जाती है। जसगीत में कलाकारों को आंमत्रित करने समिति ने महीने भर पहले से समय ले लिया है। वर्तमान में दिलीप षडंगी, दुकालू यादव, आरू साहू व गरिमा दिवाकर समेत अन्य कलाकार 9 दिनों तक छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में अपनी प्रस्तुति देंगे।

**रायपुर।** हरिभूमि ने कलाकारों से नवरात्रि में कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बातचीत की। उन्होंने बताया कि नवरात्रि के साथ-साथ दशहरा उत्सव को लेकर भी बुकिंग हो चुकी है। कुछ कलाकारों ने इस बार बुकिंग में 5 से 10 हजार तक रेट बढ़ा दिया है। कलाकारों का कहना है कि वाद्ययंत्रों के नए कलाकरों को टीम में शामिल किया है, जिससे अब जसगीत में माता की भक्ति में संगीत की नई ध्वनि सुनने को मिलेगी। नवरात्रि को लेकर बड़े कलाकारों की बुकिंग पूरी होने के बाद अब समिति व मंदिर प्रबंधक छोटे कलाकारों व जगराता मंडली को आंमत्रित कर रहे हैं। इस बार गरबा को लेकर भी छत्तीसगढ़ के कलाकारों की मांग देखने को मिल रही है।



ब्रह्माकुमारी विवि के शांति शिखर में मां दुर्गा के बाल्यस्वरूप की रियलिस्टिक रंगोली ब्रह्माकुमार हितेंद्र द्वारा बनाई गई है। इसे 5 दिन में 50 किलो रंगोली से 256 वर्गफीट में तैयार किया गया।

### संग जाएगी टोली

लोक कलाकार आरू साहू भी नवरात्रि के नौ दिनों तक जस गीत और जगराता कार्यक्रम में व्यस्त रहेगी। पिता श्वेत कुमार साहू ने बताया कि नवरात्रि को लेकर बुकिंग हो चुकी है। इस बार कांकेर और बस्तर के भानपुर में जगराता का बड़ा आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि जसगीत को लेकर तैयारी पूरी हो चुकी है। पारंपरिक गीतों के साथ माता की आराधना की जाएगी। रायपुर के साथ-साथ चंद्रहासिनी, कोरबा, खरोरा और तिल्दा में भी प्रस्तुति रहेगी। टीम में दर्जन से अधिक लोग जुड़े हुए हैं। एक कार्यक्रम में 80 हजार से एक लाख तक खर्च आ जाता है।

### नए जसगीतों के साथ होगी आराधना

*जसगीत कलाकार दुकालू यादव बताते हैं कि नवरात्रि से लेकर शरद पूर्णिमा तक लगातार आयोजन छत्तीसगढ़ के विभिन्न राज्यों में होगा। इस बार माता के नए जसगीत लोगों को सुनने को मिलेंगे। लगभग सप्ताह भर से चल रहे गायन का रिहर्सल मंगलवार को खत्म हुआ है। उन्होंने बताया कि जसगीतों के अनुरूप लोगों को माता की झांकियां भी देखने को मिलेगी। इससे कार्यक्रम और लंबे समय तक चलेगा। रात 10 से लेकर सुबह 4 बजे तक लगातार प्रस्तुति रहेगी। पहले दिन भाटापारा और दूसरे दिन राजेंद्र नगर में प्रस्तुति होगी। इसके बाद क्रमशः राजनांदगांव और भिलाई, बिलासपुर समेत दुर्ग पाटन के अलावा देवी मंदिरों में भी जसगीत पर प्रस्तुति देंगे। इस बार टीम में 30 सदस्य रहेंगे। उन्होंने बताया कि रायपुर में एक कार्यक्रम 1 लाख रुपए तक में हो जाता है। दूसरे जिले में जाने पर ट्रांसपोर्ट का खर्च और जुड़ जाता है।*

### झांकी और भजन महिला मंडलियों की मांग

नवरात्रि में जगराता के दौरान माता की झांकियों की प्रस्तुति होती है। कलाकार प्रशांत तिवारी ने बताया कि मंदिर प्रबंधकों की ओर से नौ दिनों के लिए बुकिंग मिल चुकी है। टीम में 15 कलाकार हैं, जो माता, राक्षस, भोलनाथ, शेर समेत अन्य देवी-देवता बनते हैं। झांकी में माता के विभिन्न प्रसंग की प्रस्तुति देते हैं। उनका कहना है कि जसगीत के साथ झांकी प्रस्तुति की मांग अब बढ़ गई है। सालभर में केवल नवरात्रि के दौरान ही बुकिंग मिलती है। 5 घंटे की प्रस्तुति के लिए 50 हजार लेते हैं। इसके अलावा मंदिरों में महिला मंडलियों को भी जसगीत प्रस्तुति के लिए आंमत्रित किया जा रहा है।

### गरबा में भी प्रस्तुति देंगे लोक कलाकार

लोक कलाकारों की मांग केवल जसगीत व जगराता में होती थी, लेकिन इस बार गरबा आयोजन में भी प्रस्तुति देने कलाकारों को बुलाया जा रहा है। युवा कलाकरों को यह अवसर अधिक मिल रहे हैं। आकांक्षा अग्रवाल का कहना है कि बड़े कलाकारों की बुकिंग खत्म होने के बाद अब समिति व मंदिर प्रबंधन के अलावा गरबा आयोजन में प्रस्तुति के लिए आंमत्रित किया जा रहा है। नवरात्रि में गायन से जुड़े सभी तरह के कलाकारों को काम मिल रहा है। अक्सर गरबा में बाहर से कलाकार बुलाए जाता थे, लेकिन इस बार प्रदेश के कलाकरों को भी मौका मिल रहा है।

### ओडिशा में पहली बार जसगीत की प्रस्तुति

जसगीत कलाकार दिलीप षडंगी ने हरिभूमि ने बातचीत में बताया कि पहली बार ओडिशा के संबलपुर में स्थित प्राचीन समलेश्वरी मंदिर में जसगीत की प्रस्तुति छत्तीसगढ़ी में दूंगा। उनका कहना है कि अभी तक केवल छत्तीसगढ़ के विभिन्न राज्यों से बुकिंग मिलती है, लेकिन इस बार दूसरे राज्यों से भी बुकिंग मिली है। नवरात्रि में नौ दिनों तक कार्यक्रम तय हो चुके हैं। समितियों ने महीने भर से समय ले लिया है। उन्होंने बताया कि रायगढ़ में इस बार 13 अक्टूबर को दशहरा का उत्सव मनाया जाएगा। 12 तारीख को दूसरी जगह बुकिंग होने से एक दिन बार जीस गीत प्रस्तुति के साथ उत्सव मनाएंगे। इस बार रायगढ़, दंतेवाड़ा में जसगीत व जगराता का भव्य आयोजन होगा। उनकी टीम के साथ 20 कलाकार होते हैं। जस गीत के जरिए सामाजिक जागरूकता फैलाई जाएगी।







**उत्सव का स्वागत...**

शहर के देवी मंदिरों सहित पंडालों में भी तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी हैं। रंगीन रोशनियों से माता देवाला जगमगा उठे हैं। महामाया मंदिर और कंकाली माता मंदिर में बिखरी हुई रंगीन आभा उत्सव का स्वागत करते हुए प्रतित हो रही हैं।

**आराधना**

## हमारे जीवन की चुनौतियां हमारे ही कर्मों का फल



**एमजी रोड स्थित श्री जैन दादाबाड़ी में चातुर्मासिक प्रवचन**

**रायपुर।** आत्मकल्याण करना है तो अपने भीतर सहनशक्ति लानी होगी। आप अपने दुख को बड़ा मानते हैं, तो एक बार अस्पताल या वृद्धाश्रम घूम आइए। मौत के करीब खड़े किसी मरीज या बुढ़ापे में अपनों से ठुकराए बुजुर्ग का दर्द देखेंगे तो समझेंगे कि दुनिया में कितना गम है। हमारी हमारे जीवन की चुनौतियां हमारे ही कर्मों का परिणाम हैं। हमें न तो इनका प्रतिरोध करना चाहिए, न किसी और को दोषी ठहराना चाहिए। एमजी रोड स्थित श्री जैन दादाबाड़ी में विराग मुनि ने ये बातें कही। उन्होंने कहा कि करोड़ों तुल्य देव, गुरु, धर्म मिला है। इन्हें छोड़कर भौतिक सुख-सुविधा रूपी कांच के टुकड़ों के पीछे भाग रहे हैं। कितने ही लोग हैं जो आपसे कहीं बुरी स्थिति में जिंदगी गुजार रहे हैं। मैं, मेरा छोड़कर एक बार उन्हें देखिए तो सही, अपना दुख-दर्द भूल जाएंगे। समस्या यह है कि व्यक्ति को जितनी अनुकूलता मिल जाए, वह हमेशा उससे ज्यादा ही चाहता है। इस चक्कर में वह उन चीजों का आनंद नहीं ले पाता, जो उसके पास उपलब्ध है। आश्चर्य होता है कि लोग धन कमाने के लिए ये जानते हुए भी पाप कर रहे हैं कि एक दिन सब यहीं छोड़कर जाना है। साथ में सिर्फ कर्म जाएंगे और यकीन मानिए कि धन कमाने के लिए आपने जितने पाप किए होंगे, उससे आपकी आत्मा की दुर्गति निश्चित है।

### जन्मदिन पर मौत का जश्न बिगाड़ रहे हैं माहौल

*मुनिश्री ने कहा कि आज जिस तरह बर्थ-डे सेलिब्रेशन होता है, वो हमारी संस्कृति नहीं है। ये वेस्टर्न कल्चर है। बर्थ-डे सेलिब्रेट करते हुए क्या आप खुशी से ये सोचते हैं कि अरे वाह! मैं अपनी मौत के एक साल और करीब आ गया। जन्मदिन मनाना ही है तो उन माता-पिता की कृतज्ञता व्यक्त करिए जिन्होंने आपको जन्म दिया। उन गुरुओं को नमन करिए जिन्होंने आपके जीवन में ज्ञान का प्रकाश फैलाया। उस धर्म की प्रभावना करिए, जिसकी छत्र-छाया में आप आज खड़े हैं। जिस दिन ऐसी भावना आ जाएगी, हर दिन जन्मोत्सव हो जाएगा।*

### उलझते जा रहे हैं संबंधों में

*हमें ये दुर्लभ मनुष्य भव दुनियादारी के संबंधों से छूटने के लिए मिला था। हम संबंध तोड़कर सुलझने की जगह और उसी में उलझते जा रहे हैं। अंत समय जब नजदीक आएगा, तो खूब रोने पर भी धर्म-ध्यान का अवसर नहीं मिलेगा। जीवन में एक बार डाउनफॉल शुरू हो गया और व्यक्ति समय रहते न संभले तो आत्मा की गति बिगड़ने से कोई नहीं बचा सकता। जीवन ऐसा जियो कि मरते अफसोस न हो, काश! मैंने भी समय रहते थोड़ा दान-धर्म कर लिया होता।*

**नवरात्रि से पहले फैंसी ड्रेस दुकान में खरीदारों की भीड़**

# गरबा ड्रेस में पुष्पा-2, मस्तानी और वर्ल्ड कप की झलकियां साउथ इंडियन संग छत्तीसगढ़ी परिधानों में होगा नृत्य

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** कल से नवरात्रि पर्व का शुभारंभ होगा। शहर के विभिन्न स्थानों में गरबा का आयोजन किया जा रहा है। कुछ स्थानों में प्रथम दिवस से ही गरबा प्रारंभ हो जाएगा तो कुछ स्थानों में अंतिम के चार दिनों में गरबा खेला जाएगा। छोटे मैदानों से लेकर बड़े होटल व मैदानों में रास गरबा की धूम देखने को मिलेगी। हर साल नवरात्रि के एक-दो सप्ताह पूर्व ही बाजारों में गरबा के लिए ज्वेलरी व कपड़ों की खरीदारी शुरु कर दी जाती है। जिसमें प्रत्येक वर्ष न्यू ट्रेंड के साथ गरबा प्रेमी खरीदी करते हैं। गरबा में फैंसी व आकर्षक लुक के लिए थीम बेस्ड ड्रेस तैयार किया जाता है। इस बार भी गरबा प्रेमियों के लिए दुकानदारों द्वारा खास तौर पर इसे तैयार किया गया है। रास गरबा में दोस्तों, कपल्स, मां-बेटी, सास-बहु की जोड़ी गरबा गीतों पर थिरकते हुए नजर आएगी। गरबा प्रेमियों द्वारा ज्वेलरी व गरबा परिधान की खरीदारी शुरु हो गई है। फैंसी ड्रेस दुकान संचालकों के अनुसार, प्रत्येक वर्ष विभिन्न थीम के साथ ड्रेस मंगाए जाते हैं।नवरात्रि के 2 हफ्ते पहले ही ड्रेस की बुकिंग व खरीदारी शुरु हो जाती हैं। ज्वेलरी की खरीदी पहले की जाती है। कौड़ी की ज्वेलरी इस वर्ष भी ट्रेंड में बनी हुई है।





### रंगों में भी बदलाव

चिन्हारी फैंसी ड्रेस वाला के संचालक शुशांक अग्रवाल ने कहा, अब खरीदार गरबा ड्रेस में डिजाइन की मांग करते हैं। डिजाइनर गरबा ड्रेस की खरीदी अधिक संख्या में की जा रही है। इस वर्ष मस्तानी, पुष्पा-2, शुभकामनाएं सहित रंगोली घाघरा गरबा ड्रेस ट्रेंड में हैं, जिसकी खरीदी व बुकिंग कराई जा रही है। अहमदाबाद, मुंबई, गुजरात व सूरत से खरीदी की गई है। कुछ सालों पहले लाल रंग के गरबा ड्रेस की खरीदी सबसे अधिक की जाती थी, लेकिन इस वर्ष रंगों में भी बदलाव किया गया है। इस बार ब्लैक, व्हाइट, पीच, वाइन व रेड कलर ट्रेंड में है। लड़कों के गुजराती पैटर्न में कई एडवांस डिजाइन देखने को मिलेंगे।

### थ्रेड में मिरर वर्क

अग्रवाल फैंसी ड्रेस की संचालक सुषमा अग्रवाल ने कहा, बीते वर्ष की तरह इस वर्ष भी लड़कियों में धोती पैटर्न की डिमांड अधिक है। इस वर्ष लड़के केडिया के साथ कुर्ता की मांग कर रहे हैं। उनके लिए डिजाइनर कुर्ता लाया गया है। कपल्स प्रत्येक वर्ष न्यू लुक के साथ गरबा खेलना पसंद करते हैं। फिल्मी थीम पर भी परिधान की बुकिंग भी कराई जा रही है। गरबा प्रेमियों के लिए दुकान में थ्रेड में मिरर वर्क की ज्वेलरी सजाई गई है, जिसे ड्रेस के अनुसार खरीदा जा रहा है। इस वर्ष कौड़ी व ब्लैक मेटल में तैयार ज्वेलरी की डिमांड सबसे अधिक है।

### वर्ल्ड कप थीम पर गरबा ड्रेस तैयार



कात्यायनी फैंसी ड्रेस वाला के संचालक राज अग्रवाल ने कहा, हर साल गरबा ड्रेस की थीम में बदलाव होता रहता है। इस वर्ष लड़कों के लिए केडिया के बदले कुर्ता तैयार किया गया है। साथ ही वर्ल्ड कप की थीम पर ड्रेस डिजाइन किया गया है, जो आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। जोड़ी में ड्रेस पहनने के अलावा समूह में ड्रेस कैरी करने से यूनिक लुक मिलता है। इसमें अनारकली सहित कैदी-पुलिस, फिल्मी किरदारों के लुक, साउथ इंडियन, मराठी व छत्तीसगढ़ी थीम पर ड्रेस तैयार किया गया है। गरबा ड्रेस को यूनिक डिजाइन के साथ तैयार किया गया है। इसमें चमकीले रंग का इस्तेमाल किया गया है। इसमें बेटी व मां के लिए जोड़ी में गरबा ड्रेस तैयार किया गया है, जिसमें डिजाइनर परिधान भी शामिल हैं।

## समाज लाइव

# योग के माध्यम से दिए सेहतमंद रहने के टिप्स, सेहत आधारित प्रश्नोत्तरी



**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल में मंगलवार की शाम वरिष्ठजन दिवस का भव्य आयोजन कई मायनों में महत्वपूर्ण रहा। हाल ही में प्रयागराज- अयोध्या-काशी से लौटे वरिष्ठजनों ने रामलला दर्शन के अनुभव साझा किए। इस मौके पर उपस्थित सभी वरिष्ठजनों का आत्मीय अभिनंदन किया गया। साथ ही उन्हें योग के माध्यम से सेहतमंद रहने टिप्स भी दिए गए। वहीं धर्म-आध्यात्म से जुड़े प्रश्नोतरी ने कार्यक्रम को रोचक बनाया। समस्त बुजुर्गों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। अंत में आध्यात्मिक समिति के प्रभारी शशिकांत देशमुख के निधन पर उन्हें आदरांजलि अर्पित की गई।

### विभिन्न पीढ़ियों के मध्य हो संवाद



हेल्प ऐज इंडिया द्वारा अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस का गरिमामय आयोजन किया गया। इस वर्ष का विषय समाज के सभी आयु वर्गों के लिए अवसरों का सृजन रहा। इसमें ना केवल वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया, बल्कि विभिन्न पीढ़ियों के बीच संवाद और सहयोग को प्रोत्साहित करने का संदेश दिया गया। एनआईटी की प्रो. हिना चावड़ा ने मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला। डॉ. कमल मुखर्जी ने हृदय रोगों से जुड़ी जानकारी साझा की। सेंट जेवियर स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई।

## अग्रसेन जयंती का समापन आज : सामाजिक सद्भावना का संदेश

# आग के बिना तैयार किए पकवान, भाषण के जरिए बताए रिश्ते सहेजने के गुर, कॉमेडी में समसामयिक व्यंग्य का तड़का



अग्रसेन धाम में अग्रसेन जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसके दूसरे दिन कई सांस्कृतिक और साहित्यिक आयोजन हुए। इसमें कुकिंग स्पर्धा से लेकर कॉमेडी शो, भाषण स्पर्धा सहित कई आयोजन हुए। सभी प्रतियोगिताओं में समाज की प्रतिभाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजन के अंतर्गत महिला मंडल, युवा मंडल एवं युवती मंडल द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का संचालन किया गया।







**रायपुर।** मंगलवार दोपहर 3 बजे से आयोजित कार्यक्रम में फायरलेस सैंडविच बनाओ स्पर्धा सहित 'अनमोल रिश्तों को कैसे संवारें' विषय पर आधारित भाषण स्पर्धा रखी गई। इसमें महिलाओं और युवतियों ने अपनी रचनात्मकता दिखाते हुए कई तरह के व्यंजन तैयार किए। आग का इस्तेमाल ना करते हुए भी महिलाओं ने इतने स्वादिष्ट पकवान तैयार किए कि निर्णायक भी अचंभित नजर आए।



### माहौल में घुला हास्य रस

कॉमेडी स्पर्धा भी इस दौरान रखी गई। इसमें प्रतिभागियों ने तत्कालीन मुद्दों पर प्रस्तुति दी। माहौल में इससे हास्य रस घुल गया। सभी उम्र के लोगों ने इसका आनंद उठाया। इसमें कई गंभीर मुद्दों को भी पेश किया गया। गौरतलब है कि अग्रसेन जयंती उत्सव के अंतर्गत स्पर्धाएं एक माह पूर्व से ही प्रारंभ कर दी गई थीं। मोहल्ला स्तर पर विविध प्रतियोगिताएं रखी गईं। इसके विजेता ही अब मुख्य जयंती समारोह में हिस्सेदारी कर रहे हैं।

### नन्हें कलाकारों द्वारा प्रस्तुति

समाज के आराध्य के जयंती उत्सव में रोजाना बड़ी संख्या में समाजगण पहुंच रहे हैं। इस तीन दिवसीय आयोजन का बुधवार को समापन होगा। इसके पूर्व मंगलवार को आयोजित प्रतियोगिता में बच्चों संग बड़ों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। डांस प्रतियोगिता में नन्हें कलाकार विभिन्न करिदार निभाते नजर आए। इसमें मंत्री मंडल के सदस्यों से लकर संतों की वेशभूषा में बच्चों ने दर्शकों को संदेश दिया। उनकी मासूमियत भरे अंदाज ने सभी का मन मोह लिया।



## कैंपस लाइव

# कुम्हार के पास मिट्टी बनकर जाएंगे तो ही मिलेगा आकार



**रायपुर।** कुम्हार के पास जब बर्तन बनकर जाएंगे तो हम टूट जाएंगे, लेकिन जब हम मिट्टी बनकर जाएंगे तो हमें नया आकार मिलेगा, हमें नई संरचना मिलेगी, हमारा नया निर्माण होगा। यह कहना है बॉलीवुड फिल्म अभिनेता अनुज शर्मा का। आंजनेय विश्वविद्यालय में वेबसीरीज हीरामंडी में हामिद का किरदार निभाने वाले अनुज शर्मा का व्याख्यान आयोजित हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन के हर क्षेत्र में संघर्ष और मेहनत से ही सफलता प्राप्त होती है। ऑडिशन को सिर्फ औपचारिकता न समझें, बल्कि इसे अपनी परफॉर्मेंस में बदलने का प्रयास करें। सिनेमा की दुनिया में प्रतिभा के साथ-साथ धैर्य और समर्पण भी बेहद आवश्यक हैं।

### छात्रों ने पूछे फिल्मी दुनिया से जुड़े सवाल

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कोर्स डॉयरेक्टर और फिल्म अभिनेता भगवान तिवारी ने अनुज शर्मा से उनके फिल्मों में आने की विकास यात्रा पर बातचीत की। विद्यार्थियों ने एक्टर अनुज शर्मा को अपने बीच पाकर बहुत से फिल्मी दुनिया के प्रश्न पूछे। वहीं मोटिवेशनल स्पीकर संकल्प माहेश्वरी ने विद्यार्थियों के भीतर शिक्षा, समाज, व्यक्तित्व निर्माण के गुणों को विकसित करने के गुण साझा किए। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.टी.रामाराव, महानिदेशक डॉ.बीसी जैन, कार्यक्रम संयोजक डॉ.प्रांजलि गनी सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित रहे। संचालन डॉ.राहुल तिवारी ने किया।

## सैकड़ों की संख्या में राजधानी पहुंचे सेना के जवान

# हास्य कविताओं पर सेना के जवानों ने लगाए ठहाके

**रायपुर।** कवि पद्मश्री सुरेंद्र दुबे ने रायपुर पहुंचे भारतीय सैनिकों का उत्साह बढ़ाने के लिए हास्य कविता का पाठ किया। पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कार्यक्रम में देशभक्ति कविताओं से शुरुआत की गई। कई देशभक्ति कविताएं सुनाकर जवानों का उत्साहवर्धन किया गया। हास्य व्यंग्य पर आधारित कविताओं के पाठ ने सेना के जवानों को खूब हंसाया। देर तक सभाकक्ष में ठहाके लगते रहे। सभागृह में उपस्थित लोगों ने सेना के जवानों का उनके बलिदान के लिए आभार व्यक्त किया। गौरतलब है कि साइंस कॉलेज मैदान में सशस्त्र सैन्य समारोह आयोजित किया जा रहा है। इसमें शामिल होने के लिए ही सेना के जवान पहुंचे हुए हैं।



### सीमा की सुरक्षा सेना के जिम्मे

*अतिथियों ने इस दौरान कहा, सेना के जवान भारत के भगवान है। जैसे आदमी विपति में लोग भगवान को याद करते हैं। वैसे ही सरहद पर किसी प्रकार की परेशानी आती है तो सेना के जवान ही निराकृत करते हैं। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने सेना के जवानों की बलिदानी भूमिका को स्वीकार करते हुए कहा कि सैनिक देश की सीमाओं की सुरक्षा करते हैं और हमारे जीवन को सुरक्षित बनाते हैं। इस दौरान पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.सच्चिदानंद शुक्ला, नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत के सीईओ विश्वदीप, अपर कलेक्टर सहित सैकड़ों की संख्या में सेना के जवान उपस्थित थे।*

### साइंस कॉलेज तक चलेगी स्कूल-कॉलेज की बस



साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित सशस्त्र सैन्य समारोह में स्कूली छात्र-छात्राओं को शामिल होने का मौका मिलेगा। छात्र-छात्राएं को भारतीय सैनिकों के आधुनिक हथियार और उपकरण के साथ शौर्य का प्रदर्शन भी देखने को मिलेगा। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में शासकीय और निजी स्कूल के प्राचार्यों की बैठक ली। इस दौरान कलेक्टर ने कहा कि साइंस कॉलेज मैदान तक आने-जाने के लिए बस सुविधा सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि बच्चों को भारतीय सेना के शौर्य की ताकत देखने को मिलेगा। यह हम सबके लिए रोमांच का विषय है। भारतीय सेना के अनुशासन के बारे में जानने का अवसर मिलेगा।



# सामाजिक एकता व चरित्र निर्माण के प्रति सजगता अनिवार्य, यही जीवन का आधार

**रायपुर।** सर्व ब्राह्मण समाज के पदाधिकारियों का महाअधिवेशन आशीर्वाद भवन में संपन्न हुआ। यह महाअधिवेशन लगभग देर रात तक अनवरत चला। विद्वान वक्ताओं ने वर्तमान समय में ब्राह्मण की भूमिका के विषय में अपने-अपने उद्बोधन दिए। इस महाधिवेशन में 70 प्रदेश स्तरीय विप्र संगठनों के प्रमुख पदाधिकारी शामिल हुए। उन्होंने कहा, ब्राह्मण समाज सदैव सभी का प्रेम, सम्मान प्राप्त करते हुए जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए सामाजिक नेतृत्व करता रहा है। देश-प्रदेश के प्रति अपनी कर्तव्य निष्ठा का क्रियान्वयन के प्रति सभी उपस्थित जनों ने संकल्प लिया व सामाजिक एकता, चरित्र निर्माण के प्रति सजगता दिखलाई। महिला पदाधिकारियों ने भी उपस्थिति दर्ज कराई। समाज के वरिष्ठजनों ने भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ किया। कान्यकुब्ज समाज के प्रदेश अध्यक्ष अरुण शुक्ल ने सभी संगठनों के पदाधिकारियों एवं सक्रिय सदस्यों के सहयोग की बात कही।

### उचित प्रतिनिधित्व देने की मांग



पूर्व में विप्र भवन समता कालोनी में हुए सर्व ब्राह्मण के अधिवेशन के पश्चात यह महाअधिवेशन के रूप में आयोजित किया गया। पूरे शहर से लगभग 70 संगठनों ने अपने-अपने पदाधिकारियों के साथ इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सभी उपस्थित वक्ताओं ने एक स्वर में मांग करते हुए कहा कि उन्हें उचित प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि रायपुर दक्षिण विधानसभा में 40 हजार के लगभग ब्राह्मण मतदाता हैं। ब्राह्मण बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण राष्ट्रीय पार्टियों से मांग की गई कि ब्राह्मण जाति से प्रत्याशी को टिकट दी जाए। इसके लिए ब्राह्मण समाज के एक प्रतिनिधि मंडल शीघ्र ही पार्टी प्रमुखों से मिलकर आग्रह करेगा। प्रमोद दुबे, ज्ञानेश शर्मा, मृत्युजंय दुबे, अंजय शुक्ल, सुभाष तिवारी, आकाश दुबे, सरिता दुबे, राजीव वोरा सहित अन्य मौजूद रहे।

## सिटी इवेंट

# स्टूडेंट्स का 'स्वच्छता वॉक' जू से हटाए प्लास्टिक व कचरे



**रायपुर।** नंदनवन जंगल सफारी में भारत सरकार की स्वच्छता पहल के अंतर्गत विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को स्वच्छ, प्लास्टिक मुक्त बनाना और स्वच्छता अभियान की भावना को आम जन तक पहुंचाना था। जंगल सफारी के संचालक धमशील गणवीर ने बताया कि इस स्वच्छता कार्यक्रम के तहत विभिन्न कॉलेज के छात्रों और जंगल सफारी के कर्मचारियों द्वारा सफारी परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना और लोगों को अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित करना था।

### वन्य जीव पर आधारित क्विज स्पर्धा

इस दौरान स्वच्छता के महत्त्व, पर्यावरण की गुणवत्ता का मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव और युवान वालंटियर्स प्रोग्राम के बारे में चर्चा की गई तथा स्वच्छता और वन्य जीव से संबंधित क्विज प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। विजेताओं को पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार की तरफ से पुरस्कार भी प्रदान किया गया। समस्त कॉलेज के विद्यार्थियों तथा उपस्थित लोगों को स्वच्छता शपथ दिलाई गई। इसके बाद प्रतिभागियों ने जंगल सफारी जू क्षेत्र में स्वच्छता वॉक का आयोजन किया, जिसमें जू क्षेत्र की सफाई की गई और प्लास्टिक कचरे को हटाया गया। कार्यक्रम में पं.हीरा लाल काव्योपाध्याय शासकीय पीजी कॉलेज अभनपुर के 64 विद्यार्थी, प्राध्यापक डॉ.दीपा चतुर्वेदी, डॉली सोनी व अतिथि व्याख्याता शामिल हुए। साथ ही नंदनवन जंगल सफारी की जू एजूकेशन टीम भी उपस्थित रही।

## सर्वपितृ अमावस्या आज : विदा होंगे पितर, अंतिम दिन होगा विशेष तर्पण

**कार्नर न्यूज**

# मध्यरात्रि के बाद समाप्त होगा 'शिववास', दिनभर रहेगा सर्वार्थ सिद्धि और ब्रह्म योग, उत्तराफाल्गुनी एवं हस्त नक्षत्र का संयोग

**रायपुर।** आज पितृ विदा हो जाएंगे। वैदिक पंचांग के अनुसार बुधवार को सर्वपितृ अमावस्या है। इस शुभ तिथि पर पितरों का अंतिम तर्पण एवं पिंडदान किया जाएगा। आश्विन अमावस्या के दिन पितृ विदा होते हैं। आज पितृ अपने लोक लौट जाएंगे। ज्योतिषियों की मानें तो सर्वपितृ अमावस्या पर दुर्लभ शिववास योग समेत कई मंगलकारी शुभ योग बन रहे हैं। इन योग में भगवान शिव की पूजा करने से साधक को पितृ ऋण से मुक्ति मिलती है। इसके साथ ही पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। गरुड़ पुराण में निहित है कि पितरों का तर्पण करने से तीन पीढ़ी के पूर्वजों को मुक्ति मिल जाती है।

### जानिए कब, कौन से योग

- अश्विन अमावस्या 2 अक्टूबर को मध्यरात्रि पश्चात 12 बजकर 18 मिनट पर समाप्त होगी। इसकी शुरुआत 1 अक्टूबर को रात 9 बजकर 39 मिनट पर हो गई है। उदया तिथि के आधार पर 2 अक्टूबर को सर्वपितृ अमावस्या मनाई जाएगी। साधक 2 अक्टूबर को शिववास योग के दौरान पितरों का तर्पण कर सकते हैं। इस दौरान भगवान शिव की पूजा करने से सुख-समृद्धि की प्राप्ति होगी। साथ ही पितृ दोष से भी मुक्ति मिलेगी।



- ज्योतिषियों की मानें तो आश्विन अमावस्या पर सर्वार्थ सिद्धि योग का भी निर्माण हो रहा है। सर्वार्थ सिद्धि योग दिनभर है। इस योग का समापन 3 अक्टूबर को सुबह 06 बजकर 15 मिनट पर होगा। इस योग में पितरों की पूजा करने से सुख-समृद्धि एवं वंश में वृद्धि होती है।

- सर्वपितृ अमावस्या पर दुर्लभ ब्रह्म योग का भी निर्माण हो रहा है। इस योग में पितरों का तर्पण एवं पिंडदान करना परम फलदायी साबित होगा। ब्रह्म योग पूरे दिन है। वहीं, इसका समापन 2 अक्टूबर को मध्यरात्रि पश्चात 3 अक्टूबर को रात 3 बजकर 22 मिनट पर होगा। इसके साथ ही उत्तराफाल्गुनी एवं हस्त नक्षत्र का संयोग बन रहा है। इस योग में पितरों का तर्पण एवं पिंडदान कर सकते हैं।

गौरतलब है कि अश्विन माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को सर्व पितृ अमावस्या होती है। इस दिन सभी प्रकार के पितरों के लिए तर्पण, श्राद्ध, पिंडदान आदि किया जाता है। जिन पितरों के मृत्यु की तिथि पता नहीं होती है, उन सभी पितरों का श्राद्ध कर्म सर्व पितृ अमावस्या को करते हैं।

### ऐसा है पितृमोक्ष अमावस्या का पंचांग

- सूर्योदय - सुबह 6 बजकर 15 मिनट पर
- सूर्यास्त - शाम 6 बजकर 5 मिनट पर
- ब्रह्म मुहूर्त - सुबह 4 बजकर 38 मिनट से 5 बजकर 26 मिनट तक
- विजय मुहूर्त - दोपहर 2 बजकर 9 मिनट से 2 बजकर 56 मिनट तक
- गोधूलि मुहूर्त - शाम 6 बजकर 5 मिनट से 6 बजकर 30 मिनट तक
- निशिता मुहूर्त - रात्रि 11 बजकर 46 मिनट से 12 बजकर 35 मिनट तक

## सिटी स्पोर्ट्स

### टेटे में अर्जुन-समाया तथा दीक्षांत-आहना बने विजेता



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के द्वारा कोटक महिंद्रा बैंक के सहयोग से सप्रे शाला टेबल टेनिस हाल, बुढ़ापारा, रायपुर में द्वितीय छत्तीसगढ़ राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2024 का आयोजन दिनांक 27 से 29 सितंबर तक किया गया। प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह की मुख्य अतिथि मास्टर्स नेशनल टेबल टेनिस खिलाड़ी वृंदा तांबे थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोटक महिंद्रा बैंक, पचपेढ़ी, रायपुर के शाखा प्रबंधक नितिन सेन ने की। मंच पर छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के सचिव सार्थक शुक्ल, आयोजन सचिव विनय बैसवाड़े एवं मुख्य निर्णायक पी.एन. मजूमदार थे।

द्वितीय छत्तीसगढ़ राज्य रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता के खेले गये यूथ अंडर-17 ( जुनियर) तथा यूथ अंडर-15 (सब जुनियर) बालक एवं बालिका एकल वर्ग के फायनल मैच में यूथ अंडर-17 (जुनियर) बालक वर्गः- विजेता-अर्जुन मल्होत्रा (रायपुर),उपविजेता- सिद्धा धुपर (रायपुर) 3-0 यूथ अंडर- 17 (जूनियर) बालिका वर्ग-विजेता - समाया पांडे (रायपुर), उपविजेता-आरना खोटेले (रायपुर) 3 - 0 यूथ अंडर-15 (सब जुनियर) बालक वर्गः-विजेता- दीक्षांत जांगड़े (बिलासपुर), उपविजेता- श्रेष्ठ मिश्रा (रायपुर) 3 - 0 यूथ अंडर-15 (सब जुनियर) बालिका वर्गः- विजेता-आहना सिंह (रायपुर),उपविजेता- तिशा हरदेल (रायपुर) 3- 0 प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक पी.एन. मजूमदार तथा सहायक मुख्य निर्णायक प्रवीण निरापुरे एवं भूपेंद्र सिंह राजवंशी थे। उपरोक्त जानकारी आयोजन सचिव विनय बैसवाड़े ने दी।

### विवेक की कप्तानी में छत्तीसगढ़ टीम वीनू मांकड़ ट्रॉफी में पेश करेगी चुनौती



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा वीनू मांकड़ ट्रॉफी के लिए राज्य टीम की घोषणा कर दी गई है। टीम आगामी 4 अक्टूबर से अभियान की शुरुआत मध्य प्रदेश के विरुद्ध करेगी। 16 सदस्यो वाली टीम की कमान बिलासपुर से खेलने वाले विकेट कीपर बल्लेबाज़ विवेक यादव के जिम्मे हैं। सारे मुकाबले हैदराबाद के मैदान में खेले जायेंगे। टीम में भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन से आलोक गुप्ता, गर्व कुमार सिंह विकेट कीपर, कुमार ईशान, साहिल रजत शरीफ, बिलासपुर से अंकित कुमार, धनंजय नायक, ओम वैष्णव, भूपेंद्र कुमार यादव, रायपुर से दक्ष कुमार पारख, कृष्णा टांक, मोहम्मद फैज खान, बीएसपी से प्रथम जाचक, बस्तर से रुद्र प्रताप सिंह, दुर्ग से शिवम यादव, बिलासपुर से उपेंद्र कुमार यादव, राजनांदगांव से विकल्प तिवारी शामिल हैं। हैदराबाद में 4 अक्टूबर को छत्तीसगढ़-मध्य प्रदेश, 6 अक्टूबर को छत्तीसगढ़- उत्तराखंड, 8 अक्टूबर को छत्तीसगढ़-केरला, 10 अक्टूबर को छत्तीसगढ़-बिहार और 12 अक्टूबर को छत्तीसगढ़-सिक्किम का मैच होगा।

### नेशनल लैक्रोस टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ को मिला सिल्वर और ब्रॉन्ज़ मेडल



**रायपुर।** लैक्रोस एसोसिएशन ऑफ़ छत्तीसगढ़ की टीम ने 27 से 29 सितम्बर तक आगरा में आयोजित नेशनल टूर्नामेंट में शामिल हुई। स्पर्धा में राज्य की टीम ने क्रमश जूनियर बॉयज में सिल्वर और सीनियर गर्ल्स टीम ब्रोंज मेडल जीते। टीम के कोच अजय शर्मा, राजनारायण प्रधान, विवेकानंद यादव, विनोद गुप्ता. गर्ल्स टीम के कोच मेनका यादव, टेक्निकल डायरेक्टर अभिनव सत्पथी थे। टीम को राज्य के वित्त मंत्री ओपी चौधरी, संरक्षक सुरेंद्र जेना, सेक्रेटरी देववतार चौधरी ने बधाई है। उल्लेखनीय है कि लैक्रोस मूलतः उत्तरी अमेरिकी खेल बैगेटवे का आधुनिक संस्करण है।

### आन्या और लक्ष्मी ने शूटिंग चैंपियन में जीता गोल्ड




रायपुर। 8वीं ईस्ट जोन शूटिंग चैंपियनशिप आसनसोल पश्चिम बंगाल में 25 से 30 सितंबर तक हुई, जिसमें आन्या गुप्ता ने 10 मीटर एयर राइफल जूनियर और सीनियर केटेगरी में 391/400 में लाकर 2 सिल्वर मेडल जीते हैं। साथ ही लक्ष्मी साहू ने 10 मीटर एयर राइफल में मास्टर केटेगरी में गोल्ड मेडल जीता है। लक्ष्मी छत्तीसगढ़ पुलिस से हैं, जो छत्तीसगढ़ राज्य की पहली महिला पुलिस हैं और इन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद प्री-नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में गोल्ड जीता है। वे नेशनल राइफल एसोसिएशन द्वारा आयोजित 20 नवंबर से ओपन नेशनल खेलेंगी। दोनों ने अपनी जीत का श्रेय अपने कोच गोपाल दुबे और माता-पिता को दिया है। दोनों सुभाष स्टेडियम के टॉपगन शूटिंग एकेडमी में ट्रेनिंग लेती हैं।


---

**विशेषज्ञों ने बताया किस उम्र में कितना होना चाहिए स्क्रीनटाइम, भूलकर भी न करें ये गलती**

# सभी उम्र के लोगों के लिए चुनौती बन गया स्क्रीन टाइम, घातक हो रहा शौक

मोबाइल-कंप्यूटर हो या टीवी हम सभी पूरे दिन किसी न किसी तरह के स्क्रीन से घिरे ही रहते हैं। हालांकि ये आदत स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौतियां खड़ी कर रही है। अध्ययनों में बढ़ते स्क्रीनटाइम को शारीरिक और मानसिक दोनों तरह की सेहत के लिए खतरनाक माना जाता है। बच्चों से लेकर वयस्कों तक सभी उम्र के लोगों के लिए इसके दुष्प्रभाव देखे जाते रहे हैं। स्क्रीन टाइम उस समयावधि को कहा जाता है जितना वक्त हमारा किसी भी तरह की स्क्रीन के सामने बीतता है। स्क्रीन से ब्लू लाइट निकलती है जो आंखों से लेकर संपूर्ण स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकती है। आज के डिजिटल युग में मोबाइल-कंप्यूटर से हम सभी घिरे हुए हैं। सेहत पर कम उम्र से ही इसका काफी असर पड़ सकता है, आंखों की बढ़ती समस्याओं के लिए इसे प्रमुख कारक के रूप में जाना जाता है। रोशनी कम होने के साथ-साथ संज्ञानात्मक कौशल में कमी, मोटापा के लिए भी बढ़े हुए स्क्रीन टाइम को खतरा माना जा रहा है। चूंकि आज के समय में मोबाइल-कंप्यूटर से दूरी बना पाना हमारे लिए कठिन है ऐसे में सवाल उठता है कि किस उम्र में स्क्रीन टाइम कितना होना चाहिए?





### स्क्रीन टाइम बढ़ने के कई सारे नुकसान

उम्र के हिसाब से कितना स्क्रीन टाइम ठीक माना जा सकता है, इसे जानने से पहले ये जानना जरूरी है कि बढ़े हुए स्क्रीन टाइम का सेहत पर किस तरह से असर होता है?

अध्ययनों से पता चता है कि स्क्रीन टाइम बढ़ना बच्चों और वयस्कों सभी के लिए कई कारणों से हानिकारक है। मानसिक स्वास्थ्य पर इसका सबसे ज्यादा असर देखा जाता रहा है। स्क्रीन टाइम बढ़ने के कारण अवसाद, चिंता जैसी स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम रहता है। ये नींद को भी प्रभावित करने वाली समस्या मानी जाती है, जिसका शारीरिक और मानसिक दोनों प्रकार की सेहत पर नकारात्मक असर होता है। स्क्रीन टाइम बढ़ने से शारीरिक सक्रियत कम होने लगती है जिससे वजन बढ़ने और मोटापा का जोखिम रहता है जिसे कई गंभीर क्रोनिक बीमारियों जैसे हृदय रोग, डायबिटीज का प्रमुख कारक माना जाता है।



### स्क्रीन टाइम को लेकर क्या कहते हैं विशेषज्ञ?

स्क्रीन टाइम को लेकर बढ़ती चिंताओं के जवाब में स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, माता-पिता और शिक्षक, बच्चों के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उपयोग को प्रबंधित करने में मदद कर सकते हैं। ये बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि स्क्रीन टाइम के जिस तरह के दुष्प्रभाव हैं उससे कम उम्र में ही कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम हो सकता है।

एक रिपोर्ट के अनुसार ब्राजीलियन सोसाइटी ऑफ पीडियाट्रिक्स के विशेषज्ञों ने कहा, दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों को किसी भी प्रकार के स्क्रीन से बिल्कुल दूर रखा जाना चाहिए। कम उम्र में मोबाइल या अन्य स्क्रीन्स के संपर्क के कारण बच्चों का मानसिक विकास प्रभावित हो सकता है। दो साल से कम उम्र के बच्चों की मोबाइल पर लत बिल्कुल भी नहीं लगानी चाहिए।

# पितृपक्ष में क्यों नहीं खरीदना चाहिए नया सामान? क्या कहते हैं शास्त्र



इस समय पितृपक्ष चल रहा हैं। हिंदू धर्म में पितृपक्ष को बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है। पंचांग के अनुसार इसकी शुरुआत भाद्रपद मास की पूर्णिमा तिथि से होती है। वहीं इसका समापन अश्विन मास की अमावस्या पर होता है। पितृपक्ष के दौरान पितरों की आत्मा की शांति के लिए उनके वंशज श्राद्ध कर्म, पिंडदान और तर्पण करते हैं। मान्यता है कि पितृपक्ष में श्राद्ध कर्म से पितृ प्रसन्न होते हैं और अपने परिवार के लोगों को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं। पितृपक्ष पूरी तरह से पूर्वजों को समर्पित है। ऐसे में कहा जाता है कि इस दौरान नई खरीदारी नहीं करनी चाहिए। ऐसा करने से पूर्वज नाराज हो जाते हैं।

### पितृपक्ष में खरीदारी क्यों है वर्जित ?

पितृपक्ष के दौरान मृत पूर्वजों की आत्माएं मृत्युलोक में भटकती रहती हैं। इसलिए उनकी आत्मा की शांति के लिए पिंडदान, दान और तर्पण करना चाहिए। लेकिन इस दौरान नई चीजें नहीं खरीदनी चाहिए। मान्यता है कि इस समय कुछ भी नया खरीदने से परिवार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए पितृपक्ष के दौरान नई चीजें खरीदना शुभ नहीं माना जाता है।

### क्या है मान्यता?

पितृपक्ष पूरी तरह से पितरों को समर्पित होता है। ऐसे में इस दौरान व्यक्ति का पूरा ध्यान पितरों के श्राद्ध कर्म और पिंडदान की तरफ होना चाहिए। मान्यता है कि इस समय नई चीजें खरीदने से हमारा ध्यान भटक सकता है, जिससे पितरों की आत्मा को कष्ट पहुंच सकता है और वे नाराज भी हो सकते हैं। वहीं कुछ लोगों का मानना है कि पितृपक्ष के दौरान खरीदी गई वस्तुएं पितरों को समर्पित होती हैं। ऐसे में जीवित लोगों का उन वस्तुओं का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। इससे उन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसलिए इस दौरान नई वस्तुओं की खरीदारी और उनका उपयोग सही नहीं माना जाता है।

# नवरात्रि में घर पर कम समय में तैयार करें फलाहारी थाली



हर साल की तरह इस साल भी शारदीय नवरात्रि की शुरूआत होने वाली है, जिसकी तैयारी लोगों ने शुरू कर दी है। उदया तिथि के आधार पर इस साल शारदीय नवरात्रि 15 अक्तूबर 2023 से शुरू होगी वहीं इसका समापन 23 अक्तूबर को होगा और 24 अक्तूबर को दशमी तिथि पर विजयादशमी मनाई जाएगी।

मान्यता है कि इन दिनों में माता रानी की पूजा करने से सभी मनोकामना पूरी होती हैं। ऐसे में नवरात्रि के इन नौ दिनों में लोग सच्चे मन से मां दुर्गा के लिए व्रत उपवास रखते हैं। इस दौरान घरों में लोग तरह-तरह के फलाहारी पकवान बनाकर माता रानी को उनका भोग लगाते हैं।

इन पकवानों में कुट्टू के आटे की पूरी, पकौड़ी, सीताफल के पकौड़े, आलू टिक्की समते कई डिश शामिल हैं। बहुत से लोगों को ये समझ ही नहीं आता कि 9 दिनों के व्रत में वो हर रोज क्या खास बनाएं। ऐसे में आज के लेख में हम आपको कुछ ऐसे पकवानों के बारे में बता रहे हैं, जिसे आप व्रत में बनाकर फलाहारी थाली तैयार कर सकते हैं।

### साबुदाना खिचड़ी

साबुदाना की खिचड़ी एक पॉपुलर फलाहारी पकवान है। इसे बनाने में साबुदाना और आलू उपयोग किया जाता है और यह उपवास के दौरान आमतौर पर खाया जाता है। इसे बनाना भी काफी आसान होता है।

### सिंघाड़े के पराठे

सिंघाड़े का आटा फलाहारी होता है। ऐसे में आप इसका उपयोग पराठें और पूरी बनाने में कर सकते हैं। ये खाने में काफी स्वादिष्ट लगते हैं।

### कटहल की सब्जी

कटहल की सब्जी भी फलाहारी थाली में शामिल की जा सकती है। कटहल को मसालों के साथ पकाकर बनाया जा सकता है। ये सब्जी खाने में काफी स्वादिष्ट लगती है।



# पेट फूलने की दिक्कत से राहत पाने करें ऐसे उपाय

पेट फूलना बहुत आम सी समस्या है, हम सभी ने कभी न कभी इससे संबंधित दिक्कतों का सामना जरूर किया होगा। पर क्या आप जानते हैं कि पेट फूलने की दिक्कत क्यों होती है? पेट फूलने की समस्या का मतलब पेट में गैस बनने के कारण इसका कड़ा महसूस होना होता है। ये समस्या कई कारणों से हो सकती है और किसी भी उम्र के व्यक्ति को प्रभावित कर सकती है। पेट फूलने की समस्या में कुछ प्रकार के घरेलू उपायों और सामान्य दवाओं के सेवन से लाभ मिल सकता है।

हालांकि अगर अक्सर आपको ये दिक्कत हो रही है तो फिर इससे सावधान हो जाना और डॉक्टर से मिलकर इसके कारणों का सही निदान करना आवश्यक हो जाता है। आइए जानते हैं इसके क्या कारण हो सकते हैं और इस समस्या में किन उपायों से आपको लाभ मिल सकता है?

### पेट फूलने की दिक्कत क्यों होती है?

पेट फूलने का एक सामान्य कारण कब्ज की दिक्कत होना है। आपको कब्ज़ होने पर मल त्याग करने में कठिनाई हो सकती है, जिसके कारण पेट फूलने की दिक्कत होना काफी सामान्य है। इसके अलावा ज्यादा तला भुने चीजों का सेवन, पाचन विकार और कुछ प्रकार की अंतर्निहित



स्वास्थ्य समस्याओं के कारण भी आपको ये दिक्कत हो सकती है। अधिक तनाव लेना भी आपमें इस समस्या के लिए एक जोखिम कारक हो सकता है।

### वॉक और योग का करें अभ्यास

शारीरिक गतिविधि संपूर्ण स्वास्थ्य को ठीक रखने में आपके लिए मददगार है, इससे पाचन स्वास्थ्य में भी लाभ मिलता है और पेट फूलने जैसी दिक्कतों को भी कम किया जा सकता है। वॉक और योग जैसे अभ्यास की आदत बनाने से पेट से अतिरिक्त गैस को बाहर निकालने और मल त्याग को आसान बनाया जा सकता है। यदि किसी व्यक्ति को कब्ज़ या पेट में सूजन महसूस हो रही हो वॉक करने से इसमें आराम मिल सकता है।


### फाइबर की मात्रा बढ़ाएं



फाइबर को पाचन स्वास्थ्य के लिए आवश्यक माना जाता है, ये कब्ज और सूजन को कम करने में मदद करती है। हालांकि, यहां ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि बहुत अधिक फाइबर वाली चीजों से भी गैस और सूजन हो सकती है, इसलिए फाइबर का संतुलित मात्रा में सेवन सुनिश्चित करें। आहार में कुछ प्रकार के फलों-सब्जियों को शामिल करके आसानी से शरीर के लिए आवश्यक फाइबर की पूर्ति की जा सकती है।

### सोडियम का कम करें सेवन

सोडियम के अधिक सेवन को हाई ब्लड प्रेशर का कारक माना जाता है, पर क्या आप जानते हैं कि शरीर में इसकी अधिकता के कारण भी आपको पेट से संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।






















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## एक्शन और रहस्य भरी है 'बैलेरीना' की कहानी, जारी हो गया ट्रेलर



जॉन विक की दुनिया के बारे में जानने की इच्छा रखने वाले दर्शकों के लिए एक खुशखबरी है। 'फ्रॉम द वर्ल्ड ऑफ जॉन विकः बैलेरीना' का पहला ट्रेलर सामने आ गया है। फिल्म में अभिनेत्री एना डी आर्मस मुख्य भूमिका में हैं। साथ ही कीनू रीव्स 'जॉन विक' की भूमिका में नजर आने वाले हैं। फिल्म अगले साल 2025 में 6 जून को रिलीज होगी। ट्रेलर लांच के साथ ही मेकर्स ने बताया है कि 'जॉन विक अध्याय 3' पैराबेलम बैलेरीना की घटना ईव मैकारो को ही अपना आदर्श मानती है, जो रुस्का रोमा में अपना प्रशिक्षण शुरू कर रही है।

ट्रेलर की बात करें तो अभिनेत्री एना डी आर्मस एक उभरता हुआ, छायादार, रहस्यमय लेकिन शक्तिशाली महिला किरदार हैं, जो न केवल बंदूक चलाना जानती हैं बल्कि सच की लड़ाई के लिए हर मुमकिन तरीके से लड़ना जानती हैं। इस ट्रेलर में जॉन विक ने ही एक नायक के तौर पर अभिनेत्री एना डी आर्मस को बंदूक चलाना, लड़ाई और कुश्ती करना सिखाया है। वह फिल्म में एक ऐसे नायक की भूमिका निभा रहे हैं, जो नायिका को लड़ना, दुख मनाना, बदला लेना और अपना पक्ष रखने के लिए लड़ना सिखाता है। ट्रेलर की शुरुआत में दिखाया जाता है एक लड़की बेंच पर डांसिंग डॉल लेकर बैठी है। उसके चेहरे पर खून के दाग हैं। उसके पास एक व्यक्ति आता है और कहता है कि क्या तुम्हें डांस पसंद है। मैं एक स्कूल जानता हूं जहां डांस सिखाया जाता है। इसके बाद वो लड़की उस पुरुष के साथ चली जाती है। इस सीख के बाद एना डी आर्मस (नायिका) खूनी खेल में शामिल होती हैं। यहां एना एक्शन, बंदूक चलाने, मार पीट करती नजर आ रही हैं।

### टॉलीवुड

## महेश बाबू को लेकर कार्ति ने किया दिलचस्प खुलासा, आप भी जानकर रह जाएंगे हैरान



तमिल अभिनेता कार्ति अपनी फिल्म मेयाझगन को मिल रहे प्यार से रोमांचित हैं। इस फिल्म को तेलुगु भाषा में सत्यम सुंदरम के नाम से डब किया गया है। इस इस फिल्म का तेलुगु संस्करण पिछले शनिवार को रिलीज किया गया था। दर्शकों के अपार समर्थन पर आभार व्यक्त करने के लिए कार्ति ने बीते दिन यानी सोमवार को विजयवाड़ा में एक प्रेस वार्ता आयोजित की। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान फिल्म को सुपरहिट बनाने के लिए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

जब उनसे सुपरस्टार महेश बाबू के साथ काम करने की संभावना के बारे में पूछा गया, तो कार्ति ने जवाब दिया कि अगर सही कहानी और अवसर मिले तो वह उनके साथ काम करना पसंद करेंगे। इस बातचीत के दौरान उन्होंने एक दिलचस्प खुलासा भी किया, जिसने सभी को हैरान कर दिया। कार्ति ने कहा कि वह और महेश बाबू चेन्नई में अपने स्कूल के दिनों में सहपाठी थे। बता दें कि हाल ही में कार्ति एक बयान की वजह से सुर्खियों में आ गए थे। तिरुपति लड्डू विवाद पर जब उनसे प्रतिक्रिया देने के लिए कहा गया था, तब उन्होंने कोई भी बयान देने से इनकार कर दिया था। हालांकि, इस दौरान वह हंस पड़े थे। यह बात आंध्र प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और अभिनेता पवन कल्याण को पसंद नहीं आई थी और उन्होंने उन्हें बड़ी नसीहत दे डाली थी। बाद में कार्ति ने इस पर माफी भी मांग ली थी। महेश बाबू की बात करें तो वह वर्तमान में अपनी आगामी फिल्म एसएसएमबी 29 की तैयारी कर रहे हैं, जिसकी शूटिंग जल्द ही शुरू होगी। एसएस राजामौली के निर्देशन यह फिल्म बड़े पैमाने पर बनने वाली है। फैंस को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है।

### भोजपुरी

## चंदा मामा'चमकेंगे 4 को, नये अंदाज़ में दिखेंगे सितारे




एन. माही फ़िल्म्स प्रोडक्शन के बैनर तले बनी छत्तीसगढ़ी फ़िल्म 'चंदा मामा' 4 अक्टूबर को सिंगल स्क्रीन एवं मल्टीप्लेक्स में प्रदर्शित होने जा रही है। 'चंदा मामा'में मामा व भांजे के भावनात्मक लगाव की कहानी दिखाई गई है। मामा बने हैं एक्शन स्टार दिलेश साहू एवं भांजे के रोल में दिखेंगे बाल कलाकार अंश। प्रोड्यूसर मोहित साहू कहते हैं- "हमारा प्रोडक्शन हाउस एक के बाद एक नया सब्जेक्ट सामने ला रहा है। 'चंदा मामा' जैसी कहानी अब तक छत्तीसगढ़ी सिनेमा में देखने में नहीं आई है।" डायरेक्शन के क्षेत्र में मशीनी डायरेक्टर कहलाने वाले अभिषेक सिंह ने 'चंदा मामा' को निर्देशित किया है। उल्लेखनीय है कि अभिषेक पिछले क़रीब दस वर्षों से छत्तीसगढ़ी सिनेमा का ख़ास हिस्सा हैं और 'चंदा मामा' जैसा पारिवारिक एक्शन ड्रामा उनके करियर में अपनी तरह का अलग अनुभव देने वाला रहा है। हीरो दिलेश साहू के साथ पर्दे पर नज़र आएंगी दिया वर्मा। अन्य प्रमुख कलाकार जीत शर्मा, अंजलि ठाकुर, अनिरुद्ध ताम्रकार, धर्मेन्द्र चौबे, संजू साहू, उषा विश्वकर्मा, शमशीर शिवानी, बाबा ठाकुर, जागेश्वरी मेश्राम, आनंद साहू, जयराम भगवानी, नेहा शर्मा, एवं घनश्याम वर्मा हैं।




फैशनेबल अदाएं

> ₹ फैशनेबल₹ क्या है, यह तय करना कई बार मुश्किल होता है। आज के दौर में इसके लिए आप अनगिनत वेबसाइट ब्राउज़ कर सकते हैं, स्टाइलिस्ट और इमेज मेकर से सलाह पढ़ सकते हैं कि अब क्या ₹फैशनेबल₹ और ₹पहनना₹ है। ऐसे में यूरोपियन फैशन पर सबकी नजर रहती है। लंदन फैशन वीक ऐसे सवालों का जवाब देने के लिए मौजूद रहता है।

## फेस ग्लो के लिए करें कंसा वैंड टूल का इस्तेमाल



चेहरे पर ग्लो लाने के लिए फेशियल टूल्स भी फायदेमंद होते हैं, जैसे गुआ शा और रोलर। इन दिनों फेस ग्लो के लिए कंसा वैंड का इस्तेमाल बढ़ रहा है। कंसा वैंड एक डोम शेप टूल है, जो लकड़ी की छड़ी से बनाया जाता है। इसे बनाने के लिए कंसा मेटल का इस्तेमाल किया जाता है। इस टूल की मदद से आप चेहरे को मसाज कर सकते हैं। कंसा वैंड की मदद से कफा, पित्त और वात दोष को संतुलित किया जा सकता है।

ग्लोइंग फेस के लिए कंसा वैंड से आंखों के आसपास 8 बार गोलाई में मसाज करें। अब जॉ लाइन और गाल के नीचे बाहर की तरफ से मसाज करें। कान के नीचे कंसा वैंड को कुछ सेंकड के लिए सर्कुलर मोशन में घुमाएं और फिर नीचे की तरफ ले जाएं। इस ही तरह माथे पर भी कंसा वैंड से मसाज करें। आखिर में माथे के बीच में मसाज करते रहें। कंसा वैंड से इस तरह मसाज करने से आपके चेहरे पर ग्लो आ जाएगा। इस वैंड से चेहरे को मसाज देने से सर्कुलेशन बढ़ता है, जिससे ब्लड में ऑक्सीजन पंप होता है। इससे त्वचा में ग्लो आता है और आपका कॉम्पलैक्शन भी बेहतर होता है। अगर आपकी स्किन लटकने लगी है, तो आप कंसा वैंड से चेहरे को मसाज कर सकती हैं। इससे त्वचा की इलास्टिसिटी में सुधार आएगा। स्किन कोलेजन को मेंटेन रखने के लिए कंसा वैंड फायदेमंद होता है। इसके उपयोग से चेहरे पर झुर्रियां नहीं होती है।

## पुरानी साड़ी को नया लुक देकर दिखाएं जलवा, लगेंगी खूबसूरत




साड़ी एक ऐसा परिधान है, जिसे हर महिला काफी मन से पहनती है। चाहे ऑफिस का कार्यक्रम हो या कोई शादी-विवाह, महिलाएं हर कार्यक्रम में साड़ी पहनना पसंद करती हैं। खासकर जब कोई त्योहार आता है तो महिलाएं इसके लिए नई-नई साड़ी खरीदती हैं।



अब कुछ ही दिनों में दीपावली और करवा चौथ के त्योहार आ रहे है, जिसकी तैयारी महिलाओं ने शुरू कर दी है। इन त्यौहारों के लिए महिलाएं नई साड़ी तैयार कर रही हैं लेकिन बहुत सी महिलाओं के पास साड़ियों का पहले से ही काफी खूबसूरत कलेक्शन होता है। ऐसे में वो हर त्योहार पर नई साड़ी नहीं खरीदतीं।

ऐसे में आज के लेख में हम आपको कुछ ऐसे टिप्स देंगे,सके इस्तेमाल से आप अपनी पुरानी साड़ी को नया लुक देकर उसे ट्राई कर सकती हैं। आप इसके लिए अपनी शादी की साड़ी भी इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे इस साड़ी का अंदाज पूरी तरह से बदल जाएगा।

### बदलवा दें साड़ी का बॉर्डर

अगर आपकी पुरानी साड़ी हैवी बॉर्डर वाली है तो इस बार इसका बॉर्डर बदलवा दें। इससे साड़ी एकदम नए जैसी लगने लगेगी।

### साड़ी पर करें मिरर वर्क

अगर आपके पास कोई प्लेन साड़ी है तो उस पर मिरर वर्क कर सकते हैं। साड़ी पर लगे मिरर से आपका लुक बेहद अलग दिखेगा और इसे पहन आप अपना जलवा दिखा सकती हैं।

### साड़ी को करवाएं डाई

अपनी साड़ी को आप अगर दो अलग-अलग रंगों में डाई करवाएंगी तो आपका लुक काफी खूबसूरत दिखेगा। इस तरह की साड़ी आजकल काफी ट्रेंड में भी है।

### मोतियों से कराएं एक्सट्रा काम

अपनी साड़ी को नया लुक देने के लिए आप इसमें मोती लगवा सकती हैं। इसके साथ आप अगर पर्ल से बनीं ही ज्वेलरी पहनेंगी तो आपका लुक बेहद क्लासी लगेंगी।

## त्योहारों में चाहिए निखरती त्वचा तो ऐसे रखें ध्यान, हर कोई पूछेगा इसका राज



त्योहारों का सीजन आ गया है। ऐसे में बाजारों में इसकी धूम दिखाई देने लगी है। जब भी कोई त्योहार आता है तो लोग इसकी तैयारियों में जुट जाते हैं। घरों को सजाने से लेकर लोग खुद अपने लिए भी एक से बढ़कर एक कपड़े खरीदते हैं। त्योहारों की भागदौड़ में लोग अपनी स्किन का ध्यान रखना ये भूल जाते हैं। जबकि ऐसे में त्वचा का ध्यान खासतौर पर रखना चाहिए क्योंकि इसी मौसम में हर कोई अच्छे से तैयार होता है।

अगर बात करें महिलाओं की तो हर उम्र की महिला त्योहारों के लिए खास तैयारी करती है। इसके लिए वो पहले से ही पार्लर जाकर स्किन केयर ट्रीटमेंट लेती हैं लेकिन बहुत सी महिलाएं पार्लर नहीं जा पाती हैं। अगर आप त्योहारों के सीजन में दमकती त्वचा चाहते हैं तो अभी से कुछ खास तरह से अपनी स्किन का ध्यान रखें। इससे आपको फायदा जरूर मिलेगा।

अगर आप त्योहारों में दमकती त्वचा पाना चाहती हैं बादाम और चिरौंजी का इस्तेमाल करें। इसके लिए इन दोनों चीजों को मिक्सी में बिल्कुल बारीक पीस लें। इसके बाद इस पेस्ट में शहद, कच्चा दूध, ताजे एलोवेरा का जूस, गुलाबजल और थोड़ी सी हल्दी मिलाकर चेहरे पर इससे मसाज करें। कुछ समय बाद चेहरे को धो दें। इससे आपका चेहरा दमकने लगेगा।

आइस फेशियल करने के लिए आपको एक बड़े से कटोरे में पानी लेकर उसमें ढेर सारी आइस क्यूब डालनी है। अब दस-दस सैकेंड के लिए इसमें चेहरा डुबो कर रखें। इससे चेहरे की गंदगी साफ होगी।

अगर आप त्योहारों के सीजन में दमकती त्वचा पाना चाहती हैं तो ग्लिसरीन, नींबू और गुलाबजल का मिक्स जरूर इस्तेमाल करें। ये सर्दियों में काफी फायदा पहुंचाता है।

## ड्रेसिंग की इन गलतियों से आपकी हाइट दिखती है कम, इन्हें जान लीजिए



हाइट कम होना कोई खराब बात नहीं है। लेकिन गलती करके ऐसी ड्रेसिंग करना जिससे हाइट कुछ ज्यादा ही कम लगे ये भी सही नहीं है। इसलिए जरूरी है कि आप अपनी ड्रेसिंग में वो 5 खास गलतियां बाहर कर दें जो आपको जरूरत से ज्यादा छोटा दिखाती हैं। इन गलतियों को पहचान कर अपनी हाइट को ज्यादा दिखाया जा सकता है। इन गलतियों को पहचान लीजिए ताकि आपको अपना बेस्ट लुक मिल सके। चलिए इन गलतियों को पहचान लीजिए-

### ओवरसाइज़ जैकेट

आपको हाइट को ज्यादा महसूस कराना हो तो ओवरसाइज़ जैकेट या दूसरे बैगी कपड़ों से भी दूरी बनानी होगी। बैगी और ढीले कपड़े कम हाइट का इल्यूजन देते हैं। इसमें पैर छोटे महसूस होते हैं।

### जींस की लंबाई

जींस की लंबाई कितनी है? हाइट को ठीक ठाक दिखाने के लिए ये जानना जरूरी है। अगर जींस के नीचे कुछ हिस्से की यूंहीं लेयर बन रही हैं तो आपको इसे तुरंत कटा लेना चाहिए। कटा नहीं सकते हैं तो इन्हें कम से कम एंकल तक फोल्ड कर लें। इसकी फिटिंग पर भी ध्यान दें।

### हील वाले जूते

अगर आपकी स्टाइल में हील वाले जूते शामिल है तो आपको इन्हें ना कर देना चाहिए। इसके साथ हैवी सोल वाले जूते भी नहीं चलेंगे। आप सोच रहे होंगे हील वाले जूतों में क्या दिक्कत है? दिक्कत है। दरअसल इसमें आपके पैर छोटे दिखते हैं।

कार्नर न्यूज

### मेन्स फैशन में बदलते ट्रेंड के हिसाब से हेयर स्टाइल जरूरी

## ट्रेंड को समझते हुए बनाएं आसान हेयर स्टाइल

फैशन ट्रेंड जब बदलता है तो लोग उसे जरूर ट्राई करते हैं। खासकर फेस्टिवल सीजन में क्योंकि इसमें उन्हें अलग-अलग तरीके के ऑप्शन को ट्राई करने का मौका मिल जाता है। त्यौहारों पर अच्छा लगने के लिए महिलाएं आउटफिट खरीदती हैं साथ ही मेकअप लुक भी पहले से ही सर्च करके रखती है। लेकिन हेयर स्टाइल फिर भी समझ नहीं आता है। ऐसे में जरूरी है कि आप यहां बताए गए फूलों के साख आसान हेयर स्टाइल बनाएं। इन्हें बनाना काफी आसान है साथ ही इससे आपका हेयर स्टाइल भी काफी अच्छा लगेगा।



### ट्विस्टेड ब्रेड हेयर स्टाइल

अगर आप वर्किंग है और हेयर स्टाइल बनाने का समय कम है तो ऐसे में आप साइड ब्रेड बनाकर पीछे पिन से बालों को सेट करके खजूरी चोटी बना सकती हैं। इसके बाद इसमें गजरा लगाना है। इसके लिए पतले गजरे को बालों में न लगाएं। बल्कि कई सारी लड़ियों के साथ इसे बनवाएं फिर इसे पिन की मदद से बालों में सेट करें। इसे भी आपको ट्विस्ट करके बालों में लगाना है। इस तरीके से 15 मिनट में आपका हेयर स्टाइल बनकर तैयार हो जाएगा। इसे आप साड़ी पर या सूट पर ट्राई कर सकती हैं।

### बन हेयर स्टाइल

अगर आप साड़ी या लहंगा वियर कर रही हैं तो इनके साथ आप ट्विस्टेड बन हेयर स्टाइल बनाएं और इसमें फूलों (कुर्ती के साथ हेयर स्टाइल) को सजाएं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले आगे की तरफ बालों में पफ क्रिएट करें। फिर इसे पिन की मदद से सेट करें। फिर पीछे के बालों में ट्विस्ट करके हेयर बन क्रिएट करना है। फिर इसमें रोज पेटल्स या फिर छोटे वाले बेबी ब्रेड्स बालों में पिन की मदद से लगाते हैं। साइड में थोड़े से बाल निकालकर उन्हें ट्विस्ट करना है। इस तरीके से आपका हेयर स्टाइल बनकर तैयार हो जाएगा। करवा चौथ पर आप इसे ट्राई कर सकती हैं।



### फ्लावर टियारा हेयर स्टाइल

ओपन हेयर स्टाइल भी काफी अच्छे लगते हैं। आप भी इन्हें करवा चौथ पर अपने लुक के साथ एड कर सकती हैं। इसलिए आपको जरूरत है कि आप अपने बालों (ब्रीजी लुक के लिए हेयर स्टाइल) में टियारा लगाएं और हेयर स्टाइल को कम समय में कंप्लीट करें। इसके लिए बालों को कर्ल करें। फिर आगे की तरफ पफ क्रिएट करें और पिन की मदद से इसे सेट करें। अब इसमें ओरिजिनल फ्लावर का बना टियारा पिन की मदद से सेट करें। पीछे के बालों को खुला छोड़ दें। इस तरीके से आपका हेयर स्टाइल बनकर तैयार हो जाएगा।

